RAS | SI | EO/RO EXAM
CIVIL SERVICES
#312
DAILY
CURRENT AFFAIRS
PIB + Sujas + Aakashvani
राजस्थान स्पेशल
47वाँ मरु महोत्सव 2026 - जैसलमेर
नेशनल मीडिया फाउंडेशन का राष्ट्रीय सम्मेलन - जयपुर
LIVE
2 Feb. @ 8:00 AM

लक्ष्य
RAS
तैयारी शानदार
Quiz दमदार
UTKARSH
CIVIL SERVICES
The 10 Minute Show Daily Quiz &
Daily Current Affairs Weekly Quiz
Offerings
Experienced Educator
FREE Handwritten Panel PDFs
FREE Daily Quiz [Picked from "The 10 Minutes Show"]
FREE Weekly Current Affairs Quiz
[Picked from Daily Current Affairs Class]
ADD TO LIBRARY
Scan The QR Code
Note:- Daily current affairs -
साप्ताहिक क्विज प्रत्येक रविवार को होगा।
UTKARSH CLASSES

ऑफलाइन जैसा भरोसा, ऑनलाइन जैसी सुविधा
CIVIL SERVICES
RAS
Pre + Mains
समग्र बैच
LIVE FROM CLASSROOM
JODHPUR
JAIPUR
Batch Started
Standard Fee
₹55,000
₹20,000
Prime Fee
₹70,000
₹26,000
Enroll Now!
RAS Helpline :
9001851604

उत्कर्ष के साथ दीजिए, अपनी तैयारी को नई दिशा

UTKARSH CIVIL SERVICES

RAS FOUNDATION

'निर्मल बैच' 8.0

LIVE FROM STUDIO

Start Date : 5 Jan 2026

Batch Started

Standard Fee	Prime Fee
~~₹30,000~~	~~₹45,000~~
₹15,000	₹22,000

Enroll Now!

RAS Helpline : 9001851604

उत्कर्ष के साथ दीजिए, अपनी तैयारी को नई दिशा
CIVIL SERVICES
RAS
PRELIMS 2026
Live From Studio
Start Date : 18 Dec 2025
Batch Started
Standard Fee
₹16,500
₹7,500
Prime Fee
₹30,500
₹10,000
Enroll Now!
RAS Helpline :
9001851604

UTKARSH CLASSES CIVIL SERVICES

जोधपुर व जयपुर सेंटर पर नई ऑफलाइन टेस्ट सीरीज़ प्रारंभ

RAS PRELIMS OFFLINE TEST SERIES

Start Date: 8 Feb 2026 | **Time :** 2 PM - 5 PM | **Language :** Bilingual

Total Tests: 12
- Topic Wise: 7
- Full Length Tests: 5

Form Filling: Ongoing
Form Submission Last Date: 5 Feb 2026
Admit Card release Date: 6 Feb 2026

Price: ~~₹2000~~
₹1500 (Early Bird Discount Till 1 Feb)
₹750 (For Utkarsh Students)

Online Registration के लिए QR Code Scan करें

CIVIL SERVICES

WEEKLY CURRENT AFFAIRS

CIVIL
SERVICES


UTKARSH
CIVIL SERVICES
मंजिले इंसान का हौसला आजमाती है
सपनों के पर्दे आंखों से हटाती है,
ठोकरो से मत घबराना मेरे दोस्त,
क्योंकि ठोकर ही इंसान को चलना सिखाती है,

Q. राजस्थान के पद्म पुरस्कार - 2026

व्यक्ति	पुरस्कार	क्षेत्र/विशेषता
1. पीयूष पांडे	(A) पद्मश्री	(i) अलगोजा वादन एवं मटका वादन
2. गफरुद्दीन	(B) पद्म भूषण	(ii) विज्ञापन क्षेत्र (एडमैन)
3. तगाराम भील	(C) पद्मश्री	(iii) भपंग वादक एवं "पांडुन का कड़ा" गायन
4. स्वामी ब्रह्मदेव	(D) पद्मश्री	(iv) समाज सेवा (नेत्रहीन शिक्षा)

सही कूट चुनें:

(a) 1-B-ii, 2-C-iii, 3-A-i, 4-D-iv

(b) 1-A-ii, 2-B-iii, 3-C-i, 4-D-iv

(c) 1-B-ii, 2-C-i, 3-A-iii, 4-D-iv

(d) 1-C-ii, 2-A-iii, 3-B-iv, 4-D-i

[a]

व्याख्या:

- जयपुर मूल के पीयूष पांडे को विज्ञापन क्षेत्र में उनके योगदान हेतु मरणोपरांत पद्म भूषण दिया गया । गफरुद्दीन (डीग) प्रसिद्ध भपंग वादक हैं । तगाराम भील (जैसलमेर) अलगोजा और मटका वादन हेतु प्रसिद्ध हैं । स्वामी ब्रह्मदेव महाराज ने श्रीगंगानगर में नेत्रहीन बच्चों हेतु 'श्री जगदंबा अंधविद्यालय' स्थापित किया ।

Q. 'पद्म पुरस्कारों' की प्रक्रिया और संवैधानिक स्थिति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. पद्म पुरस्कारों की घोषणा प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की जाती है।
2. इन पुरस्कारों की सिफारिशों हेतु गठित समिति की अध्यक्षता भारत के उपराष्ट्रपति करते हैं।
3. संविधान के अनुच्छेद-18 के तहत इन पुरस्कारों को नाम के आगे या पीछे उपाधि के रूप में प्रयोग करना प्रतिबंधित है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य हैं?

(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) सभी तीन
(d) कोई नहीं

[b]

व्याख्या:

अतिरिक्त जानकारी (Additional Read):

- **चयन प्रक्रिया:** पद्म पुरस्कार समिति का गठन प्रतिवर्ष प्रधानमंत्री द्वारा किया जाता है। इसकी अध्यक्षता कैबिनेट सचिव करते हैं, न कि उपराष्ट्रपति।
- **इतिहास:** इनकी शुरुआत 1954 में हुई थी। 1978-79 और 1993-97 के दौरान ये पुरस्कार निलंबित रहे थे।
- **भपंग (Bhapang):** यह अलवर/मेवात क्षेत्र का एक लोकप्रिय तार वाद्य यंत्र है, जिसका प्रयोग जोगी समुदायों द्वारा किया जाता है।

Q. 77वें गणतंत्र दिवस (2026) पर राजस्थान की झाँकी के संदर्भ में 'कथन-कारण' पर विचार करें:

कथन (A): झाँकी में बीकानेर की विश्वविख्यात 'उस्ता कला' को मुख्य आकर्षण के रूप में प्रदर्शित किया गया।

कारण (R): उस्ता कला ऊँट की खाल पर सोने की बारीक नक्काशी और पारंपरिक शिल्प का बेजोड़ नमूना है।

(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।

(b) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(c) A सही है, लेकिन R गलत है।

(d) A गलत है, लेकिन R सही है।

UTKARSH CLASSES

[a]

व्याख्या:

अतिरिक्त जानकारी (Additional Read):

- **रावणहत्था (Ravanhatha):** झाँकी में इसकी 180 डिग्री घूमती प्रतिमा प्रदर्शित की गई। यह एक प्राचीन वाद्य यंत्र है जिसे भगवान शिव से संबंधित माना जाता है और भोपा समुदाय द्वारा पाबूजी की फड़ बांचते समय प्रयोग किया जाता है।
- **उस्ता कला के उत्पाद:** सुराही और कुप्पी इसके प्रमुख उत्पाद हैं।

Q. राजस्थान की एपीकल्चर (मधुमक्खी पालन) स्थिति के संदर्भ में कौन-सा तथ्य गलत है?

(a) देश के कुल शहद उत्पादन में राजस्थान का योगदान 9% है।

(b) राजस्थान में शहद उत्पादन में अग्रणी जिला अलवर है।

(c) सरकार मधुमक्खी पालन हेतु 100% अनुदान प्रदान करती है।

(d) प्रदेश में लगभग 3,350 मधुमक्खी पालक कार्यरत हैं।

[c]

व्याख्या:

– मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने हेतु सरकार 40% अनुदान प्रदान करती है, न कि 100% । अग्रणी जिले अलवर, भरतपुर और हनुमानगढ़ हैं ।

CIVIL SERVICES

Q. सुमेलित कीजिए:

पहल/अवार्ड	संबंधित जिला/विवरण
A. प्रथम गौ अभयारण्य	1. रेलवे स्टेशन श्रेणी (प्रथम पुरस्कार)
B. अलवर स्टेशन	2. सेवा आराम सूचकांक (SCI)
C. जयपुर स्टेशन	3. कोटा जिला
D. ऊर्जा संरक्षण चयन आधार	4. रेलवे स्टेशन श्रेणी (द्वितीय पुरस्कार)

सही कूट:

(a) A-3, B-1, C-4, D-2
(b) A-1, B-2, C-3, D-4
(c) A-3, B-4, C-1, D-2
(d) A-4, B-3, C-2, D-1

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

[a]

व्याख्या:

–

पहल/अवार्ड	संबंधित जिला/विवरण
प्रथम गौ अभयारण्य	कोटा जिला
अलवर स्टेशन	रेलवे स्टेशन श्रेणी (प्रथम पुरस्कार)
जयपुर स्टेशन	रेलवे स्टेशन श्रेणी (द्वितीय पुरस्कार)
ऊर्जा संरक्षण चयन आधार	सेवा आराम सूचकांक (SCI)

UTKARSH CLASSES

Q. राष्ट्रपति द्वारा उद्घाटित 'ग्रंथ कुटीर' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. यह राष्ट्रपति भवन में स्थित है और इसमें भारत की 11 शास्त्रीय भाषाओं का संग्रह है।
2. यह पहल 'ज्ञान भारतम् मिशन' का हिस्सा है जिसका उद्देश्य पांडुलिपि धरोहर का संरक्षण करना है।
3. भारत की 11 शास्त्रीय भाषाओं में प्राकृत, पाली और बंगाली हाल ही में शामिल की गई हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

CIVIL SERVICES

[d]

व्याख्या:

– भारत के राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति भवन में ग्रंथ कुटीर का उद्घाटन किया।

ग्रंथ कुटीर-अतिरिक्त जानकारी:-

– इसमें भारत की 11 शास्त्रीय भाषाओं में पाण्डुलिपियों और पुस्तकों का संग्रह है।

– **11 शास्त्रीय भाषाऐं:-** तमिल, संस्कृत, कन्नड, तेलुगु मलयालम, ओडिया, मराठी, पाली, प्राकृत, असमिया, बंगाली।

– **उद्देश्य:-** नागरिकों में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक और साहित्यिक विरासत के बारे में जागरूकता बढ़ाना।

– **विषय संग्रह:-** इनमें महाकाव्य, दर्शन, भाषा विज्ञान, इतिहास, शासन, विज्ञान, भक्ति साहित्य शामिल है तथा इन 11 भाषाओं में भारत का संविधान भी शामिल है।

- यह पहल ज्ञान भारतम् मिशन के लक्ष्य को आगे बढ़ाती है।
- ज्ञान भारतम् मिशन केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय की पहल है। इसका उद्देश्य भारत की पाण्डुलिपि धरोहर का संरक्षण, डिजीटलीकरण और प्रसार करना है।

Q. 'ACASA-इंडिया' (भारतीय कृषि में जलवायु अनुकूलन का मानचित्र) डिजिटल प्लेटफॉर्म का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

(a) केवल मानसून का सटीक पूर्वानुमान देना।

(b) डेटा आधारित जलवायु अनुकूल कृषि योजनाएं तैयार करना।

(c) उर्वरकों की ऑनलाइन बिक्री सुनिश्चित करना।

(d) कृषि निर्यात के आंकड़ों का मानचित्रण करना।

[b]

व्याख्या:

– हाल ही में सरकार ने एक नया डिजिटल प्लेटफॉर्म भारतीय कृषि में जलवायु अनुकूलन का मानचित्र (ACASA-इंडिया) लॉन्च किया।

– विकसित- इसे भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (ICAR) के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान और विस्तार प्रणाली बोरलोग इंन्स्टीट्यूट फॉर साउथ एशिया के सहयोग से विकसित किया है।

– **उद्देश्य-** जलवायु अनुकूल कृषि के लिए स्थान विशिष्ट और डेटा आधारित अनुकूलन योजना तैयार करना।

– यह किसानों की जलवायु संबंधि चुनौतियों से निपटने और बेहतर योजना बनाने में मदद करेगा।

Q. 'एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल (ACC) - PLI योजना' के हालिया प्रदर्शन के संदर्भ में कौन-सा विकल्प सही है?

(a) भारत ने 2026 तक का 50 GW का लक्ष्य सफलतापूर्वक प्राप्त कर लिया है।

(b) यह योजना सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा संचालित है।

(c) 50 GW के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक मात्र 1.4 GW क्षमता ही चालू हो पाई है।

(d) इसमें प्रति किलोवाट घंटे ₹5000 की सब्सिडी दी जाती है।

Oct, 2021

2026 → 50 GW

2026 → 1.4 GW

भारी उद्योग मंत्रालय

UTKARSH CLASSES

[c]

व्याख्या:

– हालिया आँकड़ो के अनुसार एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (ACC-PLI) योजना के लक्ष्य और प्राप्त वास्तविक परिणामों में अंतर पाया गया।

मुख्य बिंदु:

– **लॉन्च:** अक्टूबर, 2021

– **उद्देश्य:** अगली पीढ़ी के बेटरी सेल के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देना।

– **लक्ष्य:** वर्ष 2026 तक 50 गीगावाट घंटे की बैटरी सेल निर्माण क्षमता स्थापित करना।

– **नोडल मंत्रालय:** भारी उद्योग मंत्रालय

– **परिव्यय:** 18100 करोड़ रुपये।

प्रोत्साहन:

- चयनित निर्माताओं को बैटरी की वास्तविक ब्रिकी से जुड़े प्रोत्साहनों के तहत् प्रति किलोवाट घंटे लगभग 2000 रुपये की अधिकतम सब्सिडी प्रदान करना।
- कंपनियों को कम से कम 1100 करोड़ रुपये का निवेश करना था और चरणबद्ध तरीके से घरेलू मूल्यवर्धन लक्ष्यों को पूरा करना था जिसमें 2 वर्ष में 25% और 5 वर्ष में 60% लक्ष्य शामिल थे।
- वर्ष 2026 तक 50 गीगावाट के लक्ष्य के मुकाबले मात्र 1.4 गीगावाट बैटरी क्षमता ही चालू की गई।

Q. 'PM स्वनिधि क्रेडिट कार्ड' के पात्रता मानदंडों के संदर्भ में क्या सत्य है?

(a) यह सभी नए स्ट्रीट वेंडर्स के लिए उपलब्ध है।

(b) इसमें न्यूनतम ₹50,000 निकालने की सुविधा है।

(c) इसके लिए स्वनिधि योजना की दूसरी किस्त का ऋण चुकाना अनिवार्य है।

(d) यह एक विशेष क्रेडिट कार्ड है जिसमें रिवॉल्विंग क्रेडिट की सुविधा नहीं है।

30,000

CIVIL SERVICES

[c]

व्याख्या:

– स्ट्रीट वेंडर्स के लिए PM स्वनिधि क्रेडिट कार्ड की शुरुआत की गई है।

PM स्वनिधि क्रेडिट कार्ड:-

– **पात्रता:-** वे सभी स्ट्रीट वेण्डर्स जिन्होंने PM स्वनिधि योजना के तहत दूसरी किस्त का ऋण चुका दिया है और तीसरी किस्त के लिए पात्र है।

– **ऋण सीमा:-** यह Rupay रिटेल क्रेडिट कार्ड होगा। अधिकतम 30000 रुपये तक निकालने की अनुमति होगी।

– इसमें रिवॉल्विंग क्रेडिट सुविधा उपलब्ध होगी अर्थात निर्धारित सीमा के भीतर कभी भी ऋण लिया जा सकता है और चुकाया जा सकता है।

UTKARSH CLASSES

Q. पशुपालन सांख्यिकी-2026 के अनुसार दुग्ध और ऊन उत्पादन में राजस्थान की स्थिति के बारे में सही कथन चुनें:

1. राजस्थान दुग्ध उत्पादन में भारत में दूसरे स्थान (लगभग 14% हिस्सेदारी) पर है।
2. राजस्थान ऊन उत्पादन में भारत में प्रथम स्थान (लगभग 47% हिस्सेदारी) पर है।
3. अंडा उत्पादन में आंध्र प्रदेश भारत का अग्रणी राज्य है।

कूट:

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

UTKARSH CLASSES

[d]

व्याख्या:

भारत में पशुधन की स्थिति:

- **20वीं पशुधन गणना (वर्ष 2019) के अनुसार, भारत में कुल 53.578 करोड़ की पशुधन संख्या है।**
- **सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में भोगदान: पशुधन क्षेत्र ने 12.997 की CAGR की वृद्धि की (वर्ष 2014-15 से 2022-23 तक) है।**

CIVIL SERVICES

मुख्य पशुधन उत्पादन:

क्षेत्रक	मुख्य विंदु
दुग्ध	■ विश्व में उत्पादन : पहला स्थान (25% हिस्सेदारी)। ■ दुग्ध उत्पादक राज्य: उत्तरप्रदेश (~15.66%) > राजस्थान (~14%) > मध्यप्रदेश > गुजरात।
अंडा	■ विश्व में उत्पादन : दूसरा स्थान। ■ वाणिज्यिक कुक्कुट पालन (पोल्ट्री) ने राष्ट्रीय स्तर पर कुल अंडा उत्पादन में 84.49% योगदान दिया। ■ अंडा उत्पादक राज्य: आन्ध्रप्रदेश (18.37) > तमिलनाडु > तेलंगाना > पश्चिम बंगाल
मॉस	■ विश्व में स्थान : चौथा ■ मॉस उत्पादक राज्य : पश्चिम बंगाल (12.46%) > उत्तरप्रदेश > महाराष्ट्र > आन्ध्रप्रदेश
ऊन	■ कुल उत्पादन : 34.57 मिलियन किलोग्राम अनुमानित। ■ ऊन उत्पादक राज्य: राजस्थान (~47%) > जम्मू कश्मीर > गुजरात > महाराष्ट्र।

Q. आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) दिसंबर, 2025 के आँकड़ों के संदर्भ में कौन-सा युग्म सही सुमेलित है?

(a) श्रम बल सहभागिता दर (LFPR) - 56.1%

(b) श्रमिक जनसंख्या अनुपात (WPR) - 53.4%

(c) समग्र बेरोजगारी दर (UR) - 4.8% (स्थिर)

(d) उपर्युक्त सभी।

[d]

व्याख्या:

– आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS), दिसंबर, 2025 में कार्यबल की भागीदारी वार्षिक उच्च स्तर तथा बेरोजगारी दर स्थिर रही।

मुख्य बिंदु:

1. **श्रम बल सहभागिता दर (LFPR):**
   – 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए LFPR जून, 2025 से लगातार बढ़ रहा है।
   – दिसंबर, 2025 में 56.1% दर्ज किया गया।
   – **श्रम बल सहभागिता दर (LFPR):** कामकाजी उम्र की आबादी (15-59 वर्ष) का वह प्रतिशत जो या तो कार्यरत है या सक्रिय रूप से निरंतर रोजगार की तलाश कर रहे है।

2. श्रमिक जनसंख्या अनुपात (WPR):

- WPR अपने वार्षिक उच्चतम स्तर 53.4% पर पहुँच गया।
- ग्रामीण क्षेत्रों में पुरूषों का WPR, 76% है तथा महिलाओं का WPR 38.6% हैं।
- **श्रमिक जनसंख्या अनुपात (WPR):** कामकाजी उम्र की आबादी का वह % जो वास्तव में कार्यरत है।

3. **बेरोजगारी दर:** समग्र बेरोजगारी दर (UR) 4.8% पर स्थिर है।

4. **जीवन निर्वाह दर:** ग्रामीण जीवन निर्वाह दर (59%) > शहरी जीवन निर्वाह दर (50.2%)

– उपर्युक्त तथ्य से स्पष्ट होता है कि असमानता बनी हुई है तथा बेरोजगारी लगातार ग्रामीण स्तरों से अधिक है।

UTKARSH CIVIL SERVICES

Q. चुनाव प्रबंधन पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अपनाए गए 'दिल्ली घोषणापत्र, 2026' के पांच स्तंभों में शामिल नहीं है:

(a) अनिवार्य ई-वोटिंग का क्रियान्वयन

(b) चुनाव संचालन में पारदर्शिता

(c) मतदाता सूचियों की शुद्धता

(d) प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण

UTKARSH CLASSES

[a]

व्याख्या:

– डिजिटल उपकरणों का उपयोग शामिल है, लेकिन अनिवार्य ई-वोटिंग पांच स्तंभों का हिस्सा नहीं है ।

CIVIL SERVICES

Q. 'स्टेट ऑफ फाइनेंस फॉर नेचर-2026' रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक व्यय का कौन-सा हिस्सा 'प्रकृति नकारात्मक' है?

(a) वैश्विक GDP का 2%

(b) वार्षिक 7.3 ट्रिलियन डॉलर (GDP का 7%)

(c) 220 बिलियन डॉलर वार्षिक

(d) केवल जीवाश्म ईंधन सब्सिडी

UTKARSH CLASSES

[b]

व्याख्या:

– संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) द्वारा जारी स्टेट ऑफ फाइनेंस फॉर नेचर, 2026 रिपोर्ट के अनुसार प्रकृति विरोधी वित्त (7.3 ट्रिलियन डॉलर), प्रकृति सकारात्मक निवेश (220 बिलियन डॉलर) से कई अधिक है।

मुख्य बिंदु:

– **परिचय:** यह वित्तीय आंकलन करती है तथा नीति निर्माता और व्यवसाय को प्रकृति आधारित समाधानों (NBS) में निवेश करने को प्रेरित करती है जिससे सामाजिक चुनौतियों का समाधान करने के लिए पारिस्थितिक तंत्रों की रक्षा, पुनस्थापना और सतत् प्रबंधन करते है।

– **संस्करण:** चौथा

Q. ई-अपशिष्ट (E-waste) के संदर्भ में भारत की स्थिति के बारे में क्या सही है?

(a) भारत विश्व का सबसे बड़ा ई-अपशिष्ट उत्पादक है।

(b) भारत में ई-अपशिष्ट पुनर्चक्रण दर 50% से अधिक है।

(c) भारत वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा ई-अपशिष्ट उत्पादक है।

(d) ई-अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2012 में पहली बार लागू हुए थे।

[c]

व्याख्या:

– भारत विश्व का 7% ई-अपशिष्ट पैदा करता है और पुनर्चक्रण दर मात्र 10% है।

UTKARSH CIVIL SERVICES

Q. कर्नाटक के 'लक्कुंडी' में हाल ही में हुए उत्खनन के ऐतिहासिक महत्व के संदर्भ में कौन-सा तथ्य गलत है?

(a) यहाँ नवपाषाण युग (Neolithic) की कलाकृतियाँ जैसे पत्थर की कुल्हाड़ी प्राप्त हुई हैं।

(b) यह केवल हिंदू धर्म का प्रमुख केंद्र था।

(c) इसे "सौ कुओं और मंदिरों का गाँव" कहा जाता है।

(d) इसका संरक्षण कल्याणी के चालुक्य और होयसल वंश द्वारा किया गया था।

UTKARSH CLASSES

[b]

व्याख्या:

– यह धार्मिक बहुलवाद का प्रतीक है जहाँ हिंदू, जैन और मुस्लिम (दरगाह) स्थल स्थित हैं।

UTKARSH CIVIL SERVICES

Q. राजस्थान के नवीनतम 'संरक्षण रिज़र्व' (Conservation Reserve) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. 17 दिसंबर, 2025 को जोधपुर के खेजड़ली कलाँ को राज्य का 40वाँ संरक्षण रिज़र्व घोषित किया गया।
2. यह रिज़र्व जोधपुर ज़िले की लूणी तहसील में स्थित है तथा इसका क्षेत्रफल लगभग 150 हेक्टेयर है।
3. क्षेत्रफल की दृष्टि से सीकर का 'बालेश्वर' सबसे बड़ा और जयपुर का 'बीड़ मुहाना-B' सबसे छोटा संरक्षण रिज़र्व है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

[d]

व्याख्या:

- राजस्थान वन विभाग ने वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम-1972 की धारा 36A के तहत इसे अधिसूचित किया है। यह स्थान बिश्नोई समुदाय के बलिदान और खेजड़ी वृक्षों के संरक्षण के ऐतिहासिक महत्व के कारण सामरिक है।

अतिरिक्त जानकारी (Additional Read):

- **प्रमुख संरक्षण रिज़र्व:** बीसलपुर (टोंक-प्रथम), रणखार (जालोर-गधों हेतु प्रसिद्ध), कुरजां (फलौदी)।
- **कानूनी प्रावधान:** संरक्षण रिज़र्व घोषित करने की शक्ति राज्य सरकार के पास होती है, जो स्थानीय समुदायों के साथ परामर्श कर पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा करती है।

Q. 'राजस्थान युवा नीति-2026' के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा 'त्रि-स्तरीय संस्थागत तंत्र' (Three-tier Institutional Mechanism) का हिस्सा नहीं है?

(a) खेल एवं युवा मामलात मंत्री के नेतृत्व में उच्च-स्तरीय समिति

(b) राज्य स्तरीय टास्क फोर्स

(c) कोर कमेटी

(d) जिला स्तरीय युवा निगरानी परिषद्

UTKARSH CLASSES

[d]

व्याख्या:

– नीति के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु केवल खेल मंत्री की अध्यक्षता वाली समिति, टास्क फोर्स और कोर कमेटी का प्रावधान किया गया है।

UTKARSH CLASSES

Q. 'राजस्थान युवा नीति 2026' के प्रमुख स्तंभों के संदर्भ में 'कथन-कारण' पर विचार करें:

कथन (A): नीति में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) जैसी नवीन तकनीकों को प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में शामिल करने का प्रावधान है।

कारण (R): इसका उद्देश्य राज्य के युवाओं को बदलते दौर की वैश्विक अर्थव्यवस्था के अनुरूप कुशल बनाना है।

(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।

(b) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(c) A सही है, लेकिन R गलत है।

(d) A गलत है, लेकिन R सही है।

UTKARSH CLASSES

[a]

व्याख्या:

– राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के समापन समारोह के दौरान 12 जनवरी, 2026 को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 'राजस्थान युवा नीति – 2026' का विमोचन किया गया।

मुख्य बिन्दु:

– **उद्देश्य :** शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से युवाओं के लिए उभरते क्षेत्रों में अवसरों का विस्तार करना।

– इस नीति में युवा अनुकूल स्वास्थ्य सेवाओं और खेलों के विस्तार, लैंगिक हिंसा की रोकथाम, युवा कलाकारों के संवर्धन के साथ ही, सतत विकास में युवाओं की भूमिका पर विशेष जोर दिया गया है।

पॉलिसी निम्नलिखित सिद्धांतों पर आधारित है:

1. **शिक्षा और कौशल -** नीति में युवाओं की पहुँच गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक बढ़ाने, उन्हें करियर परामर्श और उचित मार्गदर्शन देने के लिए विस्तृत प्रावधान किए गए है। युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करने के लिए कौशल आधारित शिक्षा को बढ़ावा देकर समावेशी शिक्षा मॉडल लागू किया जाएगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी नवीन तकनीकों को प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में शामिल कर उन्हें बदलते दौर के अनुरूप तैयार किया जाएगा।
2. **रोजगार और उद्यमिता -** नीति में रोजगार और कौशल को बढ़ावा देने के साथ ही युवाओं में उद्यमिता को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया गया है।

3. **स्वास्थ्य और कल्याण -** नीति में युवाओं के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित किया गया है। नीति यह सुनिश्चित करती है कि युवा नशे से दूर रहे और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाएं। योग और ध्यान पद्धति के माध्यम से उन्हें मानसिक रूप से स्वस्थ रखकर खेलों से जोड़ा जाएगा।
4. **युवा नेतृत्व विकास -** विकसित राजस्थान की यात्रा में युवाओं को सहभागी बनाने के लिए नीति उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाने पर जोर देती है। इसके माध्यम से युवाओं में नेतृत्व और निर्णय लेने की क्षमता विकसित की जाएगी और उन्हें लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में सक्रिय भागीदार बनाया जाएगा।
5. **सामाजिक न्याय और लैंगिक समानता -** नीति यह सुनिश्चित करती है राज्य के प्रत्येक युवा को आगे बढ़ने के समान अवसर मिले। इससे सामाजिक और लैंगिक भेदभाव के बिना हर युवा को समावेशी वातावरण उपलब्ध होगा।

6. **कला और संस्कृति** - नीति के माध्यम से यह प्रयास किया गया है कि युवा राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत, साहित्य और संस्कृति से पूरी तरह जुड़ाव बनाएं। इसी भावना के साथ युवा कलाकारों और नवोदित प्रतिभाओं को प्रोत्साहन दिया जाएगा तथा सांस्कृतिक उत्सवों व स्थानीय भाषा साहित्य को इस नीति के माध्यम से बढ़ावा दिया जाएगा।
7. **पर्यावरण संरक्षण** - नीति में जलवायु संरक्षण में युवाओं की भूमिका को बढ़ावा देने, पारंपरिक प्रथाओं को संरक्षित करने और हरित प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित किया गया है।
8. **संस्थागत तंत्र** - नवीन युवा नीति में एक मजबूत त्रि-स्तरीय संस्थागत तंत्र विकसित करने पर जोर दिया गया है जिसमें खेल एवं युवा मामलात मंत्री के नेतृत्व में उच्च-स्तरीय समिति गठित होगी। इसके अतिरिक्त राज्य स्तरीय टास्क फोर्स और कोर कमेटी का भी गठन किया जाएगा। इस त्रि-स्तरीय व्यवस्था से युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए युवा नीति में दिए गए सभी प्रवाधानों के प्रभावी क्रियान्वयन में मदद मिलेगी।

CIVIL SERVICES

Q. भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (FTA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. यह भारत का 22वाँ मुक्त व्यापार समझौता है।
2. समझौते के तहत लगभग 33 बिलियन डॉलर के निर्यात पर टैरिफ को 10% तक कम कर दिया गया है।
3. शिखर सम्मेलन के दौरान 'ग्रीन हाइड्रोजन टास्क फोर्स' के गठन की घोषणा की गई।

उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य हैं?

(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) सभी तीन
(d) कोई नहीं

UTKARSH CLASSES

[c]

व्याख्या:

– भारतीय प्रधानमंत्री और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेरलेयेन ने भारत यात्रा के दौरान आयोजित 16वें भारत-यूरोपीय संघ सम्मेलन में संयुक्त रूप से भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (भारत-यूरोपीय संघ FTA) को संपन्न करने की घोषणा की।

मुख्य बिंदु:

– **आयोजन:** 27 जनवरी, 2026, नई दिल्ली

– **परिणाम:** भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता

– यूरोपीय संघ, भारत का 22वाँ मुक्त व्यापार समझौता (FTA) साझेदार है।

– सरकार ने वर्ष 2014 से मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन, EFTA, ओमान और ऑस्ट्रेलिया के साथ व्यापार सौदों पर हस्ताक्षर किए हैं और न्यूजीलैंड के साथ समझौते की घोषणा की।

- वर्ष 2025 में भारत ने ओमान और यूके के साथ व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- **भारत-यूरोपीय संघ व्यापार:** वर्ष 2024-25 में वस्तुओं में द्विपक्षीय व्यापार 11.5 लाख करोड़ रुपये (6.4 लाख करोड़ रुपये: निर्यात व 5.1 लाख करोड़ रुपये: आयात)।
- भारत और यूरोपीय संघ क्रमश: चौथी और दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएँ है जो वैश्विक घरेलू उत्पाद के 25% के बराबर और वैश्विक व्यापार का एक तिहाई हिस्सा है।
- समझौते के लागू होने पर लगभग 33 बिलियन डॉलर के निर्यात पर टैरिफ को 10% तक कम कर दिया गया है।

CIVIL SERVICES

Q. 'ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन तीव्रता (GEI) लक्ष्य (संशोधन) नियम, 2025' के तहत दूसरे दौर में शामिल किए गए क्षेत्रों में कौन-सा शामिल नहीं है?

(a) पेट्रोलियम रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल इकाइयाँ

(b) वस्त्र क्षेत्र (कताई और प्रसंस्करण)

(c) द्वितीयक एल्युमीनियम

(d) लुगदी और कागज उपक्रम

प्रथम-चरण

UTKARSH CLASSES

[d]

व्याख्या:

– लुगदी और कागज उपक्रम प्रथम दौर (अक्टूबर 2025) में शामिल किए गए थे।

UTKARSH CLASSES

Q. कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग योजना (CCTS), 2023 के संदर्भ में 'कथन-कारण' पर विचार करें:

कथन (A): CCTS के तहत यदि कोई उद्योग उत्सर्जन सीमा का उल्लंघन करता है, तो उसे पर्यावरण क्षतिपूर्ति शुल्क देना होगा।

कारण (R): यह क्षतिपूर्ति उस वर्ष के औसत कार्बन क्रेडिट मूल्य का दोगुना होगी, जिसे 90 दिनों के भीतर चुकाना अनिवार्य है।

(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।

(b) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(c) A सही है, लेकिन R गलत है।

(d) A गलत है, लेकिन R सही है।

UTKARSH CLASSES

[a]

व्याख्या:

- **लागू:** 9 अक्टूबर, 2025
- यह भारत का पहला कानूनी रूप से बाध्यकारी औद्योगिक उत्सर्जन तीव्रता नियम है।
- यह कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग स्कीम (CCTS), 2023 पर आधारित है।

कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग योजना, 2023 :

- **शुरुआत:** केंद्र सरकार द्वारा ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 के तहत 28 जून, 2023 को।
- **नोडल एजेंसी :** ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) को उद्योगों को कार्बन क्रेडिट प्रमाण पत्र जारी करने वाले प्राधिकरण के रूप अधिकृत किया गया।

प्रमुख विशेषताएँ:

1. **आधारभूत वर्ष :** वर्ष 2023-24 अनुपालना लक्ष्य वर्ष 2025-26 और वर्ष 2026-27 के लिए निर्धारित किए गए।
2. **ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन तीव्रता :** वैश्विक तापन क्षमता के आधार पर सभी ग्रीनहाउस गैसों को कवर करते हुए, उत्पादन की प्रति इकाई t CO_2e के रूप में व्यक्त लक्ष्य।
3. **कार्बन बाजार :** CCTS के माध्यम से कवर की गई संस्थाओं को भारत के घरेलू कार्बन बाजार के अंतर्गत लाया जाता है।
4. **अनुपालन नहीं होने पर दंड का प्रावधान :** पर्यावरण क्षतिपूर्ति (उस अनुपालना वर्ष के औसत कार्बन क्रेडिट मूल्य का दोगुना।
   - **भुगतान अवधि:** 90 दिनों में भुगतान करना अनिवार्य।
5. **उत्सर्जन कटौती लक्ष्य और समयसीमा:** इन क्षेत्रों में 2023-24 के आधार स्तर की तुलना में वर्ष 2026-27 तक 3 से 7% की सीमा में विशिष्ट कटौती लक्ष्य पूरा करने की अपेक्षा की गई है।

Q. 'ध्रुवीय भंवर' (Polar Vortex) के संदर्भ में कौन-सा कथन असत्य है?

(a) यह एक बड़ा और स्थायी निम्न दाब वाला क्षेत्र है जिसमें अत्यधिक ठंडी वायु राशि होती है।

(b) यह पोलर-फ्रंट जेट स्ट्रीम द्वारा ध्रुवीय क्षेत्रों के भीतर सीमित रहता है।

(c) जब यह मजबूत और स्थिर होता है, तो दक्षिण (जैसे अमेरिका) में अत्यधिक ठंड की स्थिति उत्पन्न होती है।

(d) यह समताप मंडल (15-50 किमी) में सर्दियों के दौरान सबसे मजबूत होता है।

[c]

व्याख्या:

– जब भंवर कमजोर और लहरदार होता है, तब ठंडी हवा दक्षिण की ओर प्रवाहित होती है और अत्यधिक ठंड पैदा करती है। स्थिर भंवर में ठंडी हवा उत्तर में ही फंसी रहती है।

UTKARSH CIVIL SERVICES

Q. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के तहत राज्यपाल के लिए 'विधानसभा के पहले सत्र में 'अनिवार्य विशेष अभिभाषण' का प्रावधान है?

(a) अनुच्छेद 163
(b) अनुच्छेद 175
(c) अनुच्छेद 176
(d) अनुच्छेद 161

UTKARSH CLASSES

[c]

व्याख्या:

– **अनुच्छेद 176: यह राज्यपाल को अनिवार्य रूप से विशेष अभिभाषण देने का प्रावधान करता है। यह अनुच्छेद 175 की तरह स्वैच्छिक नहीं बल्कि अनिवार्य है।**

Q. जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित '77वें राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल हरिभाऊ बागडे थे।
2. विशिष्ट सेवाओं के लिए महानिरीक्षक पुलिस सत्येन्द्र सिंह को राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।
3. राजस्थान 'वंदे मातरम@150 पोर्टल' पर सेल्फी अपलोड करने में देश में प्रथम स्थान पर रहा।

उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य हैं?

(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) सभी
(d) कोई भी नहीं

[c]

व्याख्या:

– राज्य स्तरीय समारोह में सैन्य शक्ति और सांस्कृतिक विरासत का भव्य प्रदर्शन हुआ। 'वंदे मातरम्' अभियान के तहत राजस्थान के पाली, राजसमंद, जयपुर और फलौदी जिले देश के टॉप-10 जिलों में शामिल रहे।

Q. राजस्थान के नवगठित 8 जिलों में 'जिला परियोजना प्रबंधन इकाइयों' (DPMU) के गठन के संदर्भ में सत्य कथन चुनें:

(a) ये इकाइयां केवल कृषि विपणन का कार्य करेंगी।

(b) इनका उद्देश्य महिलाओं के नेतृत्व वाले स्वयं सहायता समूहों (SHGs) को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

(c) राजीविका एक निजी क्षेत्र की संस्था है।

(d) DPMU का गठन केवल पुराने 33 जिलों में ही किया गया है।

[b]

व्याख्या:

अतिरिक्त जानकारी (Additional Read):

- राजीविका स्थापना: 2010 (स्वायत्त संस्था)।
- अध्यक्ष: मुख्यमंत्री।
- नवगठित जिले: बालोतरा, ब्यावर, डीग, डीडवाना-कुचामन, खैरथल-तिजारा, कोटपूतली-बहरोड़, फलौदी एवं सलूंबर।
- महत्व: यह स्थानीय स्तर पर निर्णय प्रक्रिया को गति देकर आजीविका संवर्धन में सहायक है।

Q. गणतंत्र दिवस 2026 पर राजस्थान स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुरू की गई 'ग्रेटीट्यूड ट्री पहल' का मुख्य उद्देश्य क्या है?

(a) स्वास्थ्य भवन में सकारात्मक और भावनात्मक वातावरण को बढ़ावा देना।

(b) अस्पतालों में नए वृक्ष लगाना।

(c) डॉक्टरों के वेतन में वृद्धि करना।

(d) मुफ्त दवाओं का वितरण।

[a]

व्याख्या:

– गणतंत्र दिवस – 2026 के अवसर पर राजस्थान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 'ग्रैटीट्यूड ट्री पहल' का शुभारम्भ किया गया।

– **उद्देश्य :** स्वास्थ्य भवन (जयपुर) में एक सकारात्मक और भावनात्मक वातावरण को बढ़ावा देना, जो हमारे जीवन मूल्यों एवं भारतीय संस्कृति को दर्शाता है।

Q. 'अपना खाता' मोबाइल ऐप के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. इसका अनावरण राजस्व एवं उपनिवेशन मंत्री हेमंत मीणा द्वारा किया गया।
2. इस ऐप के माध्यम से नागरिक जमाबंदी, गिरदावरी और नामांतरण जैसी सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं।
3. यह ऐप केवल शहरी निकायों की भूमि के लिए है।

सत्य कथन चुनें:

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1
(d) 1, 2 और 3

[a]

व्याख्या:

- हाल ही में, राजस्व एवं उपनिवेशन मंत्री हेमंत मीणा ने 'अपना खाता' मोबाइल ऐप का अनावरण किया।
- इस ऐप के माध्यम से नागरिक 'अपना खाता' पोर्टल की राजस्व सेवाओं का लाभ अपने मोबाइल फोन के माध्यम से ही प्राप्त कर सकेंगे।
- ऐप के जरिए नामांतरण, सीमाज्ञान, सहमति विभाजन, विभिन्न प्रकार की नकलें, जमाबंदी एवं मानचित्र से संबंधित जानकारी, आवेदनों की स्थिति, गैर-राजकीय प्रतिबंधित भूमि की रिपोर्ट, विभागीय परिपत्र एवं गिरदावरी से जुड़ी सेवाएँ मोबाइल फोन पर उपलब्ध होंगी।

CIVIL SERVICES

Q. प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' की 130वीं कड़ी में बाड़मेर के किस गाँव के किसानों के 'बाजरे के लड्डू' नवाचार का जिक्र किया?

(a) गुड़ामालानी
(b) रामसर
(c) सम
(d) धोरीमन्ना

UTKARSH CLASSES

[b]

व्याख्या:

– रामसर ऑर्गेनिक एफपीओ से 900 किसान जुड़े हैं जो मिलेट्स प्रोसेसिंग कर रहे हैं।

Q. 'बाबा रामदेव पशु मेला' (नागौर मेला) 2026 के संदर्भ में कौन-सा तथ्य सही है?

(a) इसका आयोजन जोधपुर में होता है।

(b) इसका आयोजन वन विभाग द्वारा किया जाता है।

(c) इसमें ऊँटों की दौड़ मुख्य आकर्षण है।

(d) यह प्रतिवर्ष माघ शुक्ल प्रतिपदा से माघ पूर्णिमा तक मानासर में भरता है।

नागौर

पशुपालन विभाग

लाल मिर्ची

[d]

व्याख्या:

– यहाँ पशुओं के साथ 'लाल मिर्च बाजार' भी अत्यंत प्रसिद्ध है।

Q. इंटरनेशनल पेशेंट सेफ्टी अवॉर्ड्स 2026 से सम्मानित होने वाले डॉ. सालख खान का संबंध किस जिले से है?

(a) जयपुर

(b) बाड़मेर

(c) उदयपुर

(d) कोटा

UTKARSH CLASSES

[b]

व्याख्या:

- बाड़मेर निवासी डॉ. सालख खान को इंटरनेशनल पेशेंट सेफ्टी अवॉर्ड्स 2026 से सम्मानित किया जाएगा।
- आयोजन स्थल : हैदराबाद (तेलंगाना) में आयोजित 13वें इंटरनेशनल पेशेंट सेफ्टी कॉन्फ्रेंस (IPSC) के दौरान।

Q. विश्व की सबसे बड़ी खाद्य प्रदर्शनी 'गल्फूड 2026' के संदर्भ में भारत की भूमिका क्या है?

(a) कंट्री पार्टनर

(b) सह-प्रायोजक

(c) केवल दर्शक

(d) आयोजक

UTKARSH CIVIL SERVICES
UTKARSH CLASSES

[a]

व्याख्या:

अतिरिक्त जानकारी (Additional Read):

- आयोजक: दुबई वर्ल्ड ट्रेड सेंटर।
- प्रतिभागी: APEDA के तहत 25 राज्यों के प्रतिनिधि और स्टार्टअप्स।
- प्रदर्शित उत्पाद: बासमती चावल, बाजरा, जैविक उत्पाद और GI-टैग वाली चावल किस्में

Q. चौथी औद्योगिक क्रांति (IR 4.0) केन्द्र के संदर्भ में निम्नलिखित पर विचार करें:

1. विश्व आर्थिक मंच (WEF) ने भारत के आंध्र प्रदेश में नया IR 4.0 केन्द्र स्थापित करने की घोषणा की है।
2. यह मुम्बई और तेलंगाना के बाद भारत का तीसरा ऐसा केंद्र होगा।
3. IR-4.0 शब्द का प्रतिपादन 2016 में क्लाउस श्वाब द्वारा किया गया था।

सत्य कथन चुनें:

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) 1, 2 और 3
(d) केवल 1

[c]

व्याख्या:

- विश्व आर्थिक मंच ने विश्व स्तर पर 5 नए चौथी औद्योगिक क्रांति (IR 4.0) केन्द्र स्थापित करने की घोषणा की।
- इनमें से एक केन्द्र भारत के आंध्र प्रदेश में भी स्थापित किया जाएगा। मुम्बई और तेलंगाना के बाद यह भारत में इस तरह का तीसरा केन्द्र होगा।

IR- 4.0 क्या है-

- इस शब्द का प्रतिपादन 2016 में विश्व आर्थिक मंच के संस्थापक क्लाउस श्वाब ने किया था।
- IR-4.0 में कृत्रिम बुद्धिमता, रोबोटिक्स, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, क्वांटम कम्प्यूटिंग जैसे घटक शामिल है।
- पिछली क्रांतियों के विपरीत IR-4.0 भौतिक, डिजिटल और जैविक प्रणालियों के बीच की सीमाओं को अस्पष्ट कर रही है।

औद्योगिक क्रांति के चरण:-

- **पहली:** मशीनीकरण, जल शक्ति, भाप शक्ति।
- **दूसरी:** बड़े पैमाने पर उत्पादन, असेंम्बली लाइन, विद्युत।
- **तीसरी:** कम्प्यूटर एण्ड ऑटोमेशन।
- **चौथी:** साइबर भौतिक प्रणालियाँ।

UTKARSH CLASSES

Q. 'कथन-कारण' पर विचार करें:

कथन (A): संविधान के अनुच्छेद 176 के तहत राज्यपाल का विशेष अभिभाषण एक अनिवार्य संवैधानिक प्रावधान है।

कारण (R): राज्यपाल का अभिभाषण मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह (अनुच्छेद 163) पर आधारित होता है।

(a) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(b) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।

(c) A सही है, लेकिन R गलत है।

(d) A गलत है, लेकिन R सही है।

UTKARSH CLASSES

[b]

व्याख्या:

- हाल के वर्षों में, कुछ राज्यों में साल के पहले सत्र के प्रारंभ में राज्य विधानमंडल में राज्यपाल के संबोधन को लेकर विवाद देखे गए हैं।
- कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल में राज्य विधानसभा सत्रों के दौरान राज्यपालों द्वारा हाल ही में किए गए वॉकआउट ने राज्यपालों के विवेकाधिकार बनाम निर्वाचित सरकारों के अधिकार को लेकर संवैधानिक बहस को जन्म दिया है।
- ये घटनाएं अनुच्छेद 176 (राज्यपाल का अनिवार्य संबोधन) और अनुच्छेद 163 (मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह) की सीमाओं का परीक्षण करती हैं।

प्रासंगिक संवैधानिक अनुच्छेद

- **अनुच्छेद 175:** इसके तहत राज्यपाल को सदन (या सदनों) को किसी भी समय संबोधित करने या संदेश भेजने का अधिकार है।
- **अनुच्छेद 176:** यह राज्यपाल को अनिवार्य रूप से विशेष अभिभाषण देने का प्रावधान करता है। यह अनुच्छेद 175 की तरह स्वैच्छिक नहीं बल्कि अनिवार्य है।

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

Q. 77वें गणतंत्र दिवस (2026) के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों और 'वंदे मातरम' के ऐतिहासिक संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. गणतंत्र दिवस 2026 का मुख्य विषय 'वंदे मातरम के 150 वर्ष' पर आधारित था।
2. यूरोपीय संघ (EU) की एक सैन्य टुकड़ी ने पहली बार गणतंत्र दिवस परेड में भाग लिया, जो यूरोप के बाहर उनकी पहली भागीदारी है।
3. 'वंदे मातरम' गीत मूलत: बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित है और इसे पहली बार 1896 के कांग्रेस अधिवेशन में रवीन्द्रनाथ टैगोर ने गाया था।
4. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51A(a) में राष्ट्रीय गीत का स्पष्ट उल्लेख है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?

(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

[a]

व्याख्या:

– **कथन 1, 2 और 3 सही हैं: 77वें गणतंत्र दिवस पर यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनिया कोस्टा मुख्य अतिथि थे । 'वंदे मातरम' को 24 जनवरी, 1950 को राष्ट्रीय गीत का दर्जा दिया गया ।**

– **कथन 4 गलत है: संविधान के अनुच्छेद 51A(a) में राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रीय गान (National Anthem) का सम्मान करने का उल्लेख है, लेकिन राष्ट्रीय गीत (National Song) का स्पष्ट उल्लेख नहीं है ।**

CIVIL SERVICES

Q. 77वें गणतंत्र दिवस परेड में प्रदर्शित विभिन्न झाँकियों और उनके विषयों का सही मिलान कीजिए:

झाँकी (राज्य/मंत्रालय)	विषय (Theme)
A. संस्कृति मंत्रालय	1. बुंदेलखंड की संस्कृति
B. गृह मंत्रालय	2. कोच्चि वाटर मेट्रो
C. उत्तर प्रदेश	3. वर्ष 2001 के भुज भूकंप के बाद पुनर्निर्माण
D. केरल	4. कलात्मक रूप : वंदे मातरम के 150 वर्ष

सही कूट चुनें:

(a) A-4, B-3, C-1, D-2

(b) A-1, B-2, C-3, D-4

(c) A-3, B-4, C-2, D-1

(d) A-4, B-2, C-1, D-3

[a]

व्याख्या:

- **77वाँ गणतंत्र दिवस, 2026 :**
- **झांकियाँ:** 'राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और मंत्रालयों की 30 झांकियों को 'स्वतंत्रता का मंत्र - वंदे मातरम' और 'समृद्धि का मंत्र - आत्मनिर्भर भारत' जैसे उप-विषयों के तहत् प्रस्तुत किया गया।

UTKARSH CLASSES

राज्य/मंत्रालय/विभाग/सेना	झांकी का विषय
असम	अशरिकंडी गाँव व टेराकोटा शिल्प परंपरा।
गुजरात	क्रांतिकारी मेडम भीकाजी कामा को समर्पित।
महाराष्ट्र	गणेशोत्सव (तिलक)।
उत्तर प्रदेश	बुंदेलखंड की संस्कृति।
पश्चिम बंगाल	वंदे मातरम् (बंकिमचंद्र चटर्जी)
पंजाब	गुरु तेग बहादुर साहिब को समर्पित।
केरल	कोच्चि वाटर मेट्रो (भारत की पहली वाटर मेट्रो)।
तीनो सेना (सैन्य विभाग)	ऑपरेशन सिंदूर - संयुक्तता के माध्यम से विजय।
संस्कृति मंत्रालय	कलात्मक रूप : वंदे मातरम् के 150 वर्ष।
गृह मंत्रालय	वर्ष 2001 के भुज भूकंप के बाद पुनर्निर्माण।

UTKARSH CLASSES

Q. विशाखापट्टनम रेलवे स्टेशन पर तैनात किए गए ह्यूमनॉइड रोबोट 'ASC अर्जुन' के संदर्भ में असत्य कथन चुनें:

(a) यह एक AI संचालित मानवरूपी रोबोट है।

(b) इसे रेलवे सुरक्षा बल (RPF) की सहायता हेतु तैनात किया गया है।

(c) इसका विकास पूर्णत: विदेशी तकनीकी सहायता से किया गया है।

(d) यह रीयल टाइम अलर्ट और यात्रियों की सहायता करने में सक्षम है।

UTKARSH CLASSES

[c]

व्याख्या:

– 'ASC अर्जुन' को विशाखापट्टनम रेलवे स्टेशन की तकनीकी टीम द्वारा स्वदेशी रूप से डिज़ाइन और निर्मित किया गया है।

Q. 'बैक्ट्रियन ऊँट' के संदर्भ में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) इसकी पीठ पर दो कुबड़ होते हैं, जिनमें वसा जमा रहती है।

(b) भारत में ये मुख्य रूप से लद्दाख की नुब्रा घाटी में पाए जाते हैं।

(c) IUCN लाल सूची के अनुसार यह प्रजाति 'सुरक्षित' (Least Concern) श्रेणी में है।

(d) 2026 की गणतंत्र दिवस परेड में 'गलवान' और 'नुब्रा' नामक ऊँटों ने मार्च किया।

UTKARSH CLASSES

[c]

व्याख्या:

– बैक्ट्रियन ऊँट IUCN की लाल सूची में क्रिटिकली एंडेंजर्ड (Critically Endangered) श्रेणी में है ।

Q. हाल ही में निधन हुए न्यायमूर्ति पानाचंद जैन के संदर्भ में कौन-सा कथन सत्य है?

(a) वे राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष रहे थे।

(b) वे राजस्थान हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति थे।

(c) वे एक प्रसिद्ध भपंग वादक थे।

(d) वे बाड़मेर से लोकसभा सांसद रहे थे।

[b]

व्याख्या:

– **राजस्थान हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति पानाचंद जैन का 27 जनवरी, 2026 को 99 वर्ष की आयु में निधन हो गया है।**

Q. 'शेखावाटी फेस्टिवल - 2026' का आयोजन कहाँ किया गया?

(a) अर्बन हाट, सीकर

(b) फतेहपुर, सीकर

(c) रामगढ़, शेखावाटी

(d) चूरू किला

UTKARSH CLASSES

[a]

व्याख्या:

– इसका आयोजन राजस्थान पर्यटन विभाग और सीकर जिला प्रशासन द्वारा 24-25 जनवरी, 2026 को किया गया।

Q. 16वें 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' (25 जनवरी, 2026) के राज्य स्तरीय समारोह के संदर्भ में क्या सही है?

(a) आयोजन स्थल: राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (RIC), जयपुर।

(b) विषय (Theme): माय इंडिया, माय वोट।

(c) चित्रकला कार्यशाला का आयोजन: जवाहर कला केन्द्र, जयपुर।

(d) उपर्युक्त सभी।

UTKARSH CIVIL SERVICES

UTKARSH CLASSES

[d]

व्याख्या:

- **आयोजन स्थल :** 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस (25 जनवरी) का राज्य स्तरीय समारोह राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (RIC), जयपुर में किया गया।
- **राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2026 का विषय :** माय इंडिया, माय वोट।
- **नोट :** राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान एवं राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस-2026 के उपलक्ष में चित्रकला कार्यशाला का आयोजन जवाहर कला केन्द्र, जयपुर में किया गया।

CIVIL SERVICES

Q. 'राजस्थान एयरोस्पेस एण्ड डिफेंस पॉलिसी - 2026' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. इस नीति का मुख्य उद्देश्य राजस्थान को एयरोस्पेस और डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग का वैश्विक हब बनाना है।
2. विनिर्माण क्षेत्र में ₹1000 करोड़ से अधिक के निवेश वाली परियोजनाओं को 'अल्ट्रा मेगा' श्रेणी में रखा गया है।
3. सेवा क्षेत्र की 'लार्ज' परियोजनाओं के लिए निवेश की सीमा ₹25-100 करोड़ निर्धारित की गई है।
4. एयरो एण्ड डिफेंस पार्कों में लगने वाले पात्र उद्यमों को 7 वर्षों तक राज्य कर के 75% पुनर्भरण का निवेश अनुदान दिया जाएगा।

उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य हैं?

(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) केवल तीन
(d) सभी चार

UTKARSH CLASSES

[d]

व्याख्या:

– राजस्थान मंत्रिमण्डल द्वारा 21 जनवरी, 2026 को 'राजस्थान एयरोस्पेस एण्ड डिफेंस पॉलिसी – 2026' का अनुमोदन किया गया।

मुख्य बिन्दु:

– **उद्देश्य :** प्रदेश में रक्षा तथा अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी को प्रोत्साहन देना तथा राजस्थान को एयरोस्पेस और डिफेन्स मैन्युफैक्चरिंग का हब बनाना।

– इस पॉलिसी के तहत MSMEs, स्टार्टअप्स और नवाचार आधारित इकोसिस्टम के विकास पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया गया है।

– इस नीति के अंतर्गत एयरोस्पेस एण्ड डिफेन्स मैन्युफैक्चरिंग यूनिट, उपकरण एवं घटक निर्माता, सप्लायर एवं प्रिसीजन इंजीनियरिंग यूनिट

– MRO (मेंटेनेन्स, रिपेयर एवं ओवरहॉलिंग) इकाइयों को बढ़ावा दिया जाएगा।

– यह नीति प्रदेश में रक्षा तथा अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी को प्रोत्साहन देने के साथ ही राजस्थान को एयरोस्पेस एण्ड डिफेन्स मैन्युफैक्चरिंग का हब बनाने की दिशा में सहायक सिद्ध होगी।

– **निवेश के आधार पर परियोजनाओं का वर्गीकरण :** राजस्थान सरकार द्वारा जारी इस नीति में निवेश के आधार पर परियोजनाओं का वर्गीकरण किया गया है।

विनिर्माण क्षेत्र (Manufacturing) :

– ₹50–300 करोड़ – लार्ज।

– ₹300–1000 करोड़ – मेगा।

– ₹1000 करोड़ से अधिक - अल्ट्रा मेगा।

सेवा क्षेत्र (Service Sector) :-

– ₹25–100 करोड़ – लार्ज।

– ₹100–250 करोड़ – मेगा।

– ₹250 करोड़ से अधिक - अल्ट्रा मेगा।

UTKARSH CIVIL SERVICES

प्रमुख प्रोत्साहन (Incentives) : -

– एसेट क्रिएशन इंसेंटिव : नीति के तहत एयरो एण्ड डिफेंस पार्कों (A&D) में लगने वाले पात्र एयरोस्पेस एवं डिफेन्स मैन्युफैक्चरिंग और सेवा उद्यमों को एसेट क्रिएशन इन्सेन्टिव के रूप में 7 वर्षों तक राज्य कर के 75 प्रतिशत पुनर्भरण का निवेश अनुदान दिया जाएगा।

UTKARSH CLASSES

Q. राजस्थान एयरोस्पेस एण्ड डिफेंस पॉलिसी के तहत दिए जाने वाले 'प्रोत्साहनों' (Incentives) के संबंध में सुमेलित जोड़े की पहचान करें:

(a) सनराइज बूस्टर – पहली तीन मेगा/अल्ट्रा मेगा इकाइयों के लिए 25% टॉप-अप।

(b) एम्प्लॉयमेंट बूस्टर – 10 से 15% अतिरिक्त लाभ।

(c) एंकर बूस्टर – 10% अतिरिक्त लाभ।

(d) उपर्युक्त सभी।

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

[d]

व्याख्या:

अतिरिक्त जानकारी (Additional Information):

– **नागरिक उड्डयन नीति-2024:** राजस्थान सरकार ने एविएशन सेक्टर को बढ़ावा देने हेतु यह नीति लॉन्च की है, जिसका लक्ष्य राज्य को 'एविएशन हब' बनाना है।

– **हमीरगढ़ ड्यूंस एविएशन एकेडमी:** भीलवाड़ा के हमीरगढ़ में मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश की अत्याधुनिक एविएशन एकेडमी का उद्घाटन किया गया, जो पायलट प्रशिक्षण का प्रमुख केंद्र बनेगी।

– **बाहरी स्रोत जानकारी:** रक्षा उत्पादन में 'आत्मनिर्भरता' हेतु भारत सरकार ने दो डिफेंस कॉरिडोर (UP और तमिलनाडु) बनाए हैं। राजस्थान अपनी भौगोलिक स्थिति और खनिज संपदा (जैसे टाइटेनियम और स्टील ग्रेड लाइमस्टोन) के कारण इन गलियारों के लिए एक प्रमुख 'सप्लाई चेन पार्टनर' बन सकता है। (स्रोत: रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)

Q. राजस्थान वेंचर कैपिटल फंड (RVCF) द्वारा लॉन्च किए गए 'इंडिया ग्रोथ फंड IV' के संदर्भ में कौन-सा तथ्य गलत है?

(a) इस फंड का मुख्य कोष ₹150 करोड़ है तथा इसमें ₹100 करोड़ का 'ग्रीन शू' विकल्प है।

(b) यह फंड मुख्य रूप से प्री-सीरीज़ A और सीरीज़ A टेक्नोलॉजी स्टार्टअप्स में निवेश करेगा।

(c) RVCF एक निजी बैंक द्वारा संचालित पूर्णतः लाभकारी संस्था है।

(d) इसके प्राथमिक निवेश क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा, कृषि प्रौद्योगिकी और डिजिटल परिवर्तन शामिल हैं।

UTKARSH CLASSES

[c]

व्याख्या:

– RVCF राजस्थान सरकार द्वारा प्रवर्तित एक संस्था है (ग्रामीण विकास विभाग के सहयोग से), जो 23 वर्षों से MSMEs और उद्यमियों का समर्थन कर रही है।

अतिरिक्त जानकारी (Additional Information):

– **ग्रीन शू विकल्प (Greenshoe Option):** यह एक प्रावधान है जो फंड को मूल आकार से अधिक पूंजी जुटाने की अनुमति देता है यदि निवेशकों की मांग अधिक हो।

– **बाहरी स्रोत जानकारी:** सेबी (SEBI) के अनुसार, वेंचर कैपिटल फंड्स 'वैकल्पिक निवेश निधि' (AIF) के अंतर्गत आते हैं। ये उन स्टार्टअप्स को वित्तपोषित करते हैं जिन्हें बैंक पारंपरिक ऋण देने में संकोच करते हैं। (स्रोत: SEBI - Alternative Investment Funds Regulations)

Q. 'बेणेश्वर मेले' के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के संदर्भ में कौन-सा कथन सत्य है?

1. यह मेला प्रतिवर्ष माघ पूर्णिमा को आयोजित किया जाता है।
2. यहाँ स्थित शिवलिंग विश्व का एकमात्र शिवलिंग है जो पाँच तरफ से खंडित है।
3. इसे 'वागड़ का प्रयागराज' और 'आदिवासियों का कुंभ' भी कहा जाता है।

कूट:

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1
(d) 1, 2 और 3

[d]

व्याख्या:

- आयोजन : 28 जनवरी से 1 फरवरी, 2026 तक।
- आयोजक : राजस्थान पर्यटन विभाग।,
- प्रतिवर्ष माघ पूर्णिमा को डूँगरपुर में सोम-माही-जाखम नदियों के त्रिवेणी संगम पर बेणेश्वर मेले का आयोजन किया जाता है। इसे भीलों/आदिवासियों/वागड़ का कुंभ/वागड़ का प्रयागराज भी कहा जाता है।
- यहाँ स्थित शिवलिंग विश्व का एकमात्र शिवलिंग है जो पाँच तरफ से खंडित है।

UTKARSH CLASSES

Q. 'ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026' के संदर्भ में 'कथन-कारण' पर विचार करें:

कथन (A): ये नियम 'प्रदूषक भुगतान सिद्धांत' (Polluter Pays Principle) के आधार पर पर्यावरण क्षतिपूर्ति लगाने का प्रावधान करते हैं।

कारण (R): इनका उद्देश्य कचरे का कुशल पृथक्करण, परिपत्र अर्थव्यवस्था (Circular Economy) और विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (EPR) को एकीकृत करना है।

(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।

(b) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(c) A सही है, लेकिन R गलत है।

(d) A गलत है, लेकिन R सही है।

[a]

व्याख्या:

- केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 को अधिसूचित किया है।

मुख्य बिंदु:

- **आधार:** यह नियम पर्यावरण सुरक्षा अधिनियम, 1986 के अंतर्गत अधिसूचित किए गए है।
- **प्रतिस्थापित:** यह ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 का स्थान लेंगे।
- **प्रभावी :** 1 अप्रैल, 2026 से।

मुख्य प्रावधान :

1. **एकीकृत:** संशोधित नियम परिपत्र अर्थव्यवस्था एवं विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व के सिद्धांतो को एकीकृत करते है, जिसमें कचरे का कुशल पृथक्करण एवं प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया गया है।
2. **पर्यावरण क्षतिपूर्ति:** नियमों में 'प्रदूषक भुगतान सिद्धांत' के आधार पर पर्यावरण क्षतिपूर्ति लगाने का प्रावधान है जिसमें पंजीकरण के बिना संचालन, गलत रिपोर्टिंग, जाली दस्तावेज प्रस्तुत करना या ठोस अपशिष्ट प्रबंधन जैसी गलत प्रथाएँ शामिल है।
3. **क्रियान्वयन:** केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा संबंधित दिशा-निर्देश तैयार किया जाएगा जबकि राज्य प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड और प्रदूषण नियंत्रण समितियाँ पर्यावरण क्षतिपूर्ति लगाएंगी।

4. **अपशिष्ट पृथक्करण:** नियमों के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट के स्रोत का 4 स्तरीय पृथक्करण अनिवार्य है।

अपशिष्ट	प्रबंधन
गीला अपशिष्ट (फल-सब्जियाँ)	जैविक खाद व जैव मेथेनिकरण।
सूखे अपशिष्ट (कागज, काँच, रबर इत्यादि)	छंटाई व पुनर्चक्रण।
स्वच्छता अपशिष्ट (डायपर, सैनिटरी जैसे अपशिष्ट)	सुरक्षित अलग संग्रहण।
विशेष देखभाल अपशिष्ट (बल्ब, थर्मामीटर, दवाईयाँ जैसे)	एकत्रित व निर्दिष्ट संग्रहण केन्द्रों पर जमा।

5. **थोक अपशिष्ट उत्पादकों की स्पष्ट परिभाषा:** वह संस्थाएँ जिनका क्षेत्रफल 20,000 वर्गमीटर या उससे अधिक हो, जल खपत 40,000 लीटर या उससे अधिक जिनका ठोस अपशिष्ट उत्पादन 100kg या उससे अधिक प्रतिदिन हो।
6. अपशिष्ट प्रसंस्करण के लिए तीव्र भूमि आवंटन एवं संपूर्ण ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की ऑनलाइन केंद्रीकृत पोर्टल के माध्यम से निगरानी।

Q. संशोधित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के अनुसार 'अपशिष्ट पृथक्करण' के 4 स्तरों में शामिल नहीं है:

(a) गीला अपशिष्ट (फल-सब्जियाँ)

(b) स्वच्छता अपशिष्ट (डायपर, सैनिटरी)

(c) निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट (C&D Waste)

(d) विशेष देखभाल अपशिष्ट (बल्ब, दवाइयाँ)

[c]

व्याख्या:

– नियमों के तहत पृथक्करण में गीला, सूखा, स्वच्छता और विशेष देखभाल अपशिष्ट शामिल हैं। निर्माण कचरे के लिए अलग से 'C&D वेस्ट रूल्स' होते हैं।

अतिरिक्त जानकारी (Additional Information):

– थोक अपशिष्ट उत्पादक: 20,000 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्रफल वाली संस्थाएँ जो प्रतिदिन 100kg से अधिक कचरा पैदा करती हैं।

– बाहरी स्रोत जानकारी: परिपत्र अर्थव्यवस्था (Circular Economy) एक ऐसा मॉडल है जिसमें उत्पादों को पुनर्चक्रित और पुन: उपयोग किया जाता है ताकि कचरा न्यूनतम हो। भारत सरकार का लक्ष्य 2030 तक अपशिष्ट प्रबंधन क्षेत्र को पूरी तरह डिजिटल और 'ज़ीरो वेस्ट' की ओर ले जाना है। (स्रोत: नीति आयोग)

UTKARSH CIVIL SERVICES

Q. हाल ही में चर्चा में रहे '4B आंदोलन' का संबंध किस देश से है और इसका मुख्य उद्देश्य क्या है?

(a) ईरान; हिजाब विरोधी प्रदर्शन।

(b) दक्षिण कोरिया; पितृसत्तात्मक व्यवस्था और लैंगिक हिंसा का कट्टरपंथी नारीवादी विरोध।

(c) अमेरिका; जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध अभियान।

(d) जापान; कार्यस्थल पर भेदभाव का विरोध।

UTKARSH CLASSES

[b]

व्याख्या:

– 4B का अर्थ है: कोई विवाह नहीं, कोई डेटिंग नहीं, कोई प्रसव नहीं और कोई लैंगिक संबंध नहीं।

Q. 'यूराटॉम' (Euratom) और भारत के मध्य हालिया सहयोग के संदर्भ में असत्य कथन चुनें:

(a) यूराटॉम यूरोपीय परमाणु ऊर्जा समुदाय का संक्षिप्त रूप है।
(b) इसकी स्थापना 1957 में रोम संधि के तहत हुई थी।
(c) भारत और यूराटॉम केवल सैन्य परमाणु हथियारों के विकास में सहयोग करेंगे।
(d) इसका मुख्य उद्देश्य परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग को बढ़ावा देना है।

[c]

व्याख्या:

– यूराटॉम का उद्देश्य नागरिक परमाणु सामग्री को सैन्य उपयोग से रोकना और केवल शांतिपूर्ण ऊर्जा अनुसंधान को बढ़ावा देना है।

CIVIL SERVICES

Q. 16वें 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' (25 जनवरी, 2026) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. इसका विषय (Theme) "मेरा भारत, मेरा वोट" रखा गया है।
2. भारत के राष्ट्रपति द्वारा 'सर्वश्रेष्ठ चुनाव जिला पुरस्कार' प्रदान किए गए।
3. भारतीय निर्वाचन आयोग की स्थापना 25 जनवरी, 1950 को हुई थी, इसीलिए यह दिन मनाया जाता है।
4. ECINET (2026) चुनाव प्रबंधन हेतु निर्वाचन आयोग की नवीनतम डिजिटल पहल है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य हैं?

(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) केवल तीन
(d) सभी चार

[d]

व्याख्या:

16वें 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' (25 जनवरी, 2026)

- इसका विषय (Theme) "मेरा भारत, मेरा वोट" रखा गया है।
- भारत के राष्ट्रपति द्वारा 'सर्वश्रेष्ठ चुनाव जिला पुरस्कार' प्रदान किए गए।
- भारतीय निर्वाचन आयोग की स्थापना 25 जनवरी, 1950 को हुई थी, इसीलिए यह दिन मनाया जाता है।
- ECINET (2026) चुनाव प्रबंधन हेतु निर्वाचन आयोग की नवीनतम डिजिटल पहल है।

Q. चुनाव सुधारों और उनके लागू होने के वर्ष का सही मिलान करें:

1. मतदाता फोटो पहचान पत्र (EPIC) - 1993
2. EVM का विधानसभाओं में औपचारिक उपयोग - 1998
3. VVPAT का प्रथम उपयोग (उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार) - 2013
4. सुलभ चुनावों का वर्ष - 2018

सही कूट:

(a) 1, 2 और 3
(b) 2, 3 और 4
(c) 1 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

CIVIL SERVICES

[d]

व्याख्या:

अतिरिक्त जानकारी (Additional Information):

– **SVEEP:** व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी कार्यक्रम (2009) जो मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु चलाया जाता है।

– **बाहरी स्रोत जानकारी:** अनुच्छेद 324 चुनाव आयोग की स्वतंत्रता और शक्तियों का आधार है। हाल ही में 'मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यवधि) अधिनियम, 2023' के माध्यम से नियुक्ति प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। (स्रोत: भारतीय राजव्यवस्था - एम. लक्ष्मीकांत)

UTKARSH CLASSES

Q. 'पंचम' (PANCHAM) चैटबॉट के संदर्भ में कौन-सा कथन सत्य है?

(a) यह कृषि मंत्रालय द्वारा किसानों की सहायता हेतु शुरू किया गया है।

(b) यह यूनिसेफ के सहयोग से विकसित पंचायती राज मंत्रालय की एक डिजिटल पहल है।

(c) यह केवल अंग्रेजी और हिंदी भाषाओं का समर्थन करता है।

(d) इसका मुख्य कार्य केवल जनगणना डेटा एकत्र करना है।

UTKARSH CIVIL SERVICES
UTKARSH CLASSES

[b]

व्याख्या:

– यह 22 भारतीय भाषाओं का समर्थन करता है और पंचायतों के प्रतिनिधियों को दिन-प्रतिदिन के कार्यों में मार्गदर्शन देता है।

Q. 'निपाह वायरस' (NiV) के संदर्भ में निम्नलिखित पर विचार करें:

1. यह एक ज़ूनोटिक वायरस है जो जानवरों (जैसे फ्रूट बैट) से मनुष्यों में फैलता है।
2. इसकी पहली पहचान 1999 में मलेशिया और सिंगापुर में हुई थी।
3. इसका कोई प्रभावी टीका उपलब्ध नहीं है, केवल सहायक उपचार ही संभव है।

कूट:

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1

(d) 1, 2 और 3

UTKARSH CLASSES

[d]

व्याख्या:

– राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र के अनुसार विगत दो महीनों में पश्चिमी बंगाल में निपाह वायरस संक्रमण के केवल दो मामलों की पुष्टि हुई है।

निपाह-अतिरिक्त जानकारी:-

– **प्रकृति:** जूनोरिक वायरस (पशुओं से मनुष्यों में)

– **संक्रमण के प्राकृतिक स्त्रोत:-** फ्रूट बैट, जिन्हें फ्लांइग फॉक्स के नाम से भी जाना जाता है।

– मनुष्य से मनुष्य में – संक्रमित व्यक्ति के शारीरिक द्रवों के निकट संपर्क से।

– **पहली बार पहचान:-** 1999 में मलेशिया और सिंगापुर में (चमगादड़-सुअर-मनुष्य)

– **लक्षण सामने आने की अवधि:-** 4-14 दिन।

CIVIL SERVICES

Q. ओडिशा के 'बौद्ध डायमंड ट्रायंगल' के संदर्भ में कौन-सा स्थल शामिल नहीं है?

(a) धौली

(b) उदयगिरि

(c)ललितगिरि

(d) रत्नागिरि

UTKARSH CLASSES

[a]

व्याख्या:

– डायमंड ट्रायंगल में ललितगिरि, उदयगिरि और रत्नागिरि शामिल हैं। धौली अशोक के शिलालेखों के लिए प्रसिद्ध है।

अतिरिक्त जानकारी (Additional Information):

– **रत्नागिरि:** इसे 'वज्रयान बौद्ध धर्म' का केंद्र माना जाता है और यहाँ की मूर्तियाँ इंडोनेशिया के बारबादुर मंदिर से समानता रखती हैं ।

– **बाहरी स्रोत:** चीनी यात्री ह्युन त्सांग ने इन मठों को 'पुष्पगिरि विश्वविद्यालय' के हिस्से के रूप में वर्णित किया था, जो प्राचीन भारत के ज्ञान का प्रमुख केंद्र था। (स्रोत: भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण - ASI)

Q. आंध्रप्रदेश के पिटिकायगुल्ला में खोजे गए 8वीं शताब्दी के शिलालेख का क्या महत्व है?

(a) यह तेलुगु भाषा का प्राचीनतम ज्ञात शिलालेख है।

(b) यह तेलुगु के एक स्वतंत्र प्रशासनिक और साहित्यिक भाषा के रूप में विकास को दर्शाता है।

(c) यह केवल बौद्ध धर्म के प्रचार से संबंधित है।

(d) इसे सम्राट अशोक ने उत्कीर्ण करवाया था।

[b]

व्याख्या:

अतिरिक्त जानकारी (Additional Information):

– संगमकालीन महाकाव्य: शिलप्पदिकारम (इगंलो अडिगल) और मणिमेखलाई (सीतालैसत्तनार) तमिल साहित्य के रत्न हैं।

– तेलुगु शास्त्रीय भाषा: इसे 2008 में भारत सरकार द्वारा शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया गया था

Q. चित्तौड़गढ़ में स्थापित किए जा रहे राजस्थान के पहले फॉस्फेट उर्वरक संयंत्र का निर्माण किसके द्वारा किया जा रहा है?

(a) रीको (RIICO)
(b) हिंदुस्तान जिंक (वेदांता समूह)
(c) रिलायंस इंडस्ट्रीज
(d) इफको (IFFCO)

UTKARSH CIVIL SERVICES

[b]

व्याख्या:

– यह 1 मिलियन टन वार्षिक क्षमता वाला संयंत्र है जो DAP और NPK जैसे उर्वरकों का उत्पादन करेगा ।

UTKARSH CLASSES

Q. कोलकाता में आयोजित 'जूनियर नेशनल जूडो चैंपियनशिप' में राजस्थान पुरुष टीम के चैंपियन बनने में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी कौन हैं?

(a) अतेश चतुर्वेदी और बबनूर सिंह

(b) साजन (90 किलो) और यश यादव (100 किलो)

(c) बबलदीप सिंह और साजन

(d) यश यादव और अतेश चतुर्वेदी

[b]

व्याख्या:

अतिरिक्त जानकारी (Additional Information):

- राजस्थान ने कुल 2 स्वर्ण और 3 कांस्य पदक जीतकर ओवरऑल चैंपियनशिप जीती।
- स्रोत: जूडो फेडरेशन ऑफ इंडिया।

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

Q. **खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स-2026 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. इसके पहले संस्करण का आयोजन छत्तीसगढ़ में किया जाएगा।
2. खेलों का आधिकारिक शुभंकर 'मोरवीर' (Morveer) है।
3. राजस्थान में इसके सलेक्शन ट्रायल डूँगरपुर और उदयपुर में आयोजित किए गए।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1
(d) 1, 2 और 3

UTKARSH CLASSES

[d]

व्याख्या:

– हाल ही में, खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स – 2026 के लिए डूँगरपुर और उदयपुर में सलेक्शन ट्रायल (चयन स्पर्धा) का आयोजन किया गया।

मुख्य बिन्दु:

– तीरन्दाजी (बालक एवं बालिका) व एथलेटिक्स (बालक एवं बालिका) के लिए चयन स्पर्धा का आयोजन : स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, डूँगरपुर।

– फुटबाल (बालक एवं बालिका), हॉकी (बालक एवं बालिका), तैराकी (बालक एवं बालिका) व कुश्ती (बालक एवं बालिका) के लिए चयन स्पर्धा का आयोजन : महाराणा प्रताप खेलगाँव, उदयपुर।

– भारोत्तोलन (बालक एवं बालिका) के लिए चयन स्पर्धा का आयोजन : लव-कुश इण्डोर स्टेडियम, उदयपुर।

अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

- खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स (KITG) का पहला संस्करण 14 फरवरी, 2026 से आयोजित किया जाएगा।
- आयोजक राज्य : छत्तीसगढ़।
- इन खेलों का आधिकारिक शुभंकर 'मोरवीर' (Morveer) है, जो छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान और साहस का प्रतीक है।
- KITG के प्रथम संस्करण में कुल 7 खेलों को शामिल किया गया है, जो निम्न प्रकार है -
- तीरंदाजी (Archery), एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, कुश्ती (Wrestling) और तैराकी (Swimming)।

Q. मुख्यमंत्री द्वारा हाल ही में जयपुर में लॉन्च किए गए 'इंडिया स्टोनमार्ट मोबाइल ऐप' का संबंध किस संस्थान से है?

(a) RIICO और CDOS

(b) RFC और राजसीको

(c) उद्योग विभाग और सेल

(d) पर्यटन विभाग

[a]

व्याख्या:

- हाल ही में, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जयपुर में इंडिया स्टोनमार्ट मोबाइल ऐप का औपचारिक शुभारंभ किया।
- इंडिया स्टोनमार्ट का 13वाँ संस्करण : 5 से 8 फरवरी, 2026 तक जयपुर में।
- **थीम :** स्टोन फॉर सस्टेनेबिलिटी (Stone for Sustainability)।
- **आयोजन स्थल :** जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (JECC), सीतापुरा।
- **आयोजक :** सेंटर फॉर डवलपमेंट ऑफ स्टोन्स (CDOS)।
- **प्रायोजक :** राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास और निवेश निगम लिमिटेड (RIICO)

Q. 'नरेन्द्र कुमार शारदा', जिन्हें 'लाइफ टाइम मेरिटोरियस सर्विस अवार्ड-2025' मिला, किस संस्थान से जुड़े हैं?

(a) काजरी (CAZRI), जोधपुर

(b) आफरी (AFRI), जोधपुर

(c) राजस्थान विश्वविद्यालय

(d) आईआईटी जोधपुर

UTKARSH CLASSES

[b]

व्याख्या:

– शुष्क वन अनुसन्धान संस्थान, जोधपुर के निजी सचिव नरेन्द्र कुमार शारदा को गणतंत्र दिवस पर ICFRE (भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद), देहरादून में ICFRE लाइफ टाइम मेरिटोरियस सर्विस अवार्ड–2025 से सम्मानित किया गया।

Q. राजस्थान के पीएमश्री (PM SHRI) विद्यालयों की प्रथम राज्य स्तरीय रैंकिंग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. यह रैंकिंग राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् द्वारा 18 मानकों के आधार पर जारी की गई है ।
2. रैंकिंग में जोधपुर जिले का 'धवा स्कूल' पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है ।
3. इस योजना के तहत राज्य के 5000 विद्यालयों में डिजिटल लाइब्रेरी और 642 में ओ-लैब (O-Lab) स्थापित की गई हैं ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

[a]

व्याख्या:

– इस योजना के तहत राज्य के 500 विद्यालयों में डिजिटल लाइब्रेरी और 142 में ओ-लैब (O-Lab) स्थापित की गई हैं ।

Q. राजस्थान में 'पीएमश्री योजना' के क्रियान्वयन के संबंध में 'कथन-कारण' पर विचार करें:

कथन (A): राजस्थान में कुल 639 विद्यालयों को 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में विकसित किया जा रहा है ।

कारण (R): इन मॉडल स्कूलों का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के सभी घटकों को प्रदर्शित करना और अन्य स्कूलों को मेंटरशिप प्रदान करना है।

(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।

(b) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(c) A सही है, लेकिन R गलत है।

(d) A गलत है, लेकिन R सही है।

UTKARSH CIVIL SERVICES

[a]

व्याख्या:

अतिरिक्त जानकारी (Additional Information):

- **पीएमश्री (PM SHRI) योजना:** इसकी शुरुआत 5 सितंबर, 2022 को हुई थी। यह एक 'केंद्र प्रायोजित योजना' है जिसमें केंद्र और राज्य का वित्त पोषण अनुपात 60:40 रहता है ।
- **NEP 2020 का प्रदर्शन:** ये स्कूल 5+3+3+4 शिक्षा संरचना और अनुभवात्मक शिक्षण (Experiential Learning) पर केंद्रित हैं।
- **बाहरी स्रोत जानकारी:** राजस्थान 'पीएमश्री' के दूसरे चरण के पोर्टल पर सबसे अधिक आवेदन दर्ज करने वाले अग्रणी राज्यों में शामिल रहा है। (स्रोत: शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)

UTKARSH CLASSES

Q. स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी NQAS-2025 रैंकिंग में राजस्थान के किस जिले ने 'शीर्ष स्थान' प्राप्त किया है?

(a) हनुमानगढ़
(b) झालावाड़
(c) कोटा
(d) जयपुर

[b]

व्याख्या:

- स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (NQAS) – 2025 में राजस्थान के झालावाड़ ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

मुख्य बिन्दु:

- **टॉप - 3 जिले :** झालावाड़, हनुमानगढ़ और कोटा।

Q. राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (NQAS) के मुख्य स्तंभों में निम्नलिखित में से कौन-सा शामिल नहीं है?

(a) रोगी के अधिकार (Patient Rights)

(b) संक्रमण नियंत्रण (Infection Control)

(c) मुफ्त दवा वितरण का आर्थिक ऑडिट (Financial Audit)

(d) नैदानिक देखभाल (Clinical Care)

[c]

व्याख्या:

- NQAS के 8 स्तंभों में सेवा प्रावधान, संसाधन, सहायता सेवाएं, गुणवत्ता प्रबंधन और परिणाम शामिल हैं, लेकिन वित्तीय ऑडिट इसका प्राथमिक स्तंभ नहीं है ।

अतिरिक्त जानकारी (Additional Information):

- **ABHA ID:** यह 14-अंकीय डिजिटल हेल्थ आईडी है जो 'आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन' (ABDM) के तहत बनाई जाती है ।
- **ई-स्वास्थ्य विद्या:** राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (RUHS) की यह पहल डिजिटल मेडिकल रिकॉर्ड साझा करने हेतु 'डिजिटल स्वास्थ्य मिशन' का हिस्सा है ।
- **बाहरी स्रोत जानकारी:** NQAS प्रमाणन प्राप्त करने वाले अस्पतालों को केंद्र सरकार द्वारा प्रति बेड अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि दी जाती है। (स्रोत: NHM, राजस्थान)

Q. हैदराबाद में आयोजित 7वीं नेशनल मुएथाई (Muay Thai) चैंपियनशिप में राजस्थान की क्या स्थिति रही?

(a) विजेता (प्रथम)

(b) फर्स्ट रनर-अप (द्वितीय)

(c) थर्ड रनर-अप

(d) कोई पदक नहीं

UTKARSH CLASSES

[b]

व्याख्या:

- राजस्थान ने 10 स्वर्ण सहित कुल 33 पदक जीते । मुएथाई थाईलैंड का एक युद्ध कला (Martial Art) खेल है।

Q. राजस्थान में 30 जनवरी से 13 फरवरी, 2026 तक संचालित होने वाले 'स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान' की मुख्य थीम क्या है?

(a) कुष्ठ मुक्त राजस्थान

(b) साथ मिलकर लड़ें कुष्ठ से

(c) स्वस्थ समाज, सुंदर कल

(d) भेदभाव का अन्त एवं गरिमा सुनिश्चित करना

[d]

व्याख्या:

- राजस्थान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रदेश भर में 30 जनवरी से 13 फरवरी, 2026 तक 'स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान' का संचालन किया जाएगा।
- इस अभियान के तहत ब्लॉक एवं पंचायत स्तर तक कुष्ठ रोग निवारण एवं जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।
- **अभियान की थीम :** 'भेदभाव का अन्त एवं गरिमा सुनिश्चित करना'।

UTKARSH CLASSES

Q. 'कटी घाटी जैविक पार्क' (Biological Park) राजस्थान के किस जिले में विकसित किया जा रहा है?

(a) अलवर

(b) उदयपुर

(c) कोटा

(d) जयपुर

[a]

व्याख्या:

– यह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCR) का अपनी तरह का पहला जैविक पार्क होगा, जहाँ 81 प्रजातियों के 400 से अधिक वन्यजीव रखे जाएंगे।

UTKARSH CLASSES

Q. राजस्थान खान एवं भूविज्ञान निदेशालय द्वारा खनिजों की सटीक जाँच हेतु कौन-सी हाईटेक मशीन स्थापित की जाएगी?

(a) WD-XRF मशीन

(b) रमन स्पेक्ट्रोस्कोपी

(c) नैनो सेंसर

(d) डिजिटल रडार

[a]

व्याख्या:

- राजस्थान खान एवं भूविज्ञान निदेशालय की ओर से खनिजों की जाँच के लिए अत्याधुनिक तकनीक वेवलेंथ डिस्पर्सिव एक्स-रे फ्लोरोसेंस (WD-XRF) मशीन प्रयोगशाला में स्थापित की जाएगी।
- इस हाईटेक मशीन के जरिए खनिज नमूनों का तेज, सटीक और उच्च गुणवत्ता वाला रासायनिक विश्लेषण किया जा सकेगा।
- राजस्थान खान एवं भूविज्ञान निदेशालय : उदयपुर।

CIVIL SERVICES

Q. 'प्रखर राजस्थान 2.0' अभियान के तहत विद्यार्थियों के मूल्यांकन हेतु किस तकनीक का उपयोग किया जा रहा है?

(a) ब्लॉकचेन

(b)ओएमआर आधारित रैंकिंग

(c) वर्चुअल रियलिटी

(d) AI आधारित ओरल रीडिंग फ्लूएंसी (ORF)

UTKARSH CLASSES

[d]

व्याख्या:

- यह 'मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान' का हिस्सा है, जिसका लक्ष्य प्राथमिक छात्रों के पठन कौशल में सुधार करना है ।

Q. HAL ने किस देश के साथ 'SJ-100 विमान' समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं?

A) रूस
B) जर्मनी
C) इंग्लैंड
D) जापान

UTKARSH CIVIL SERVICES
UTKARSH CLASSES

UTKARSH CIVIL SERVICES

[a]

व्याख्या:

- हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) और रूस के यूनाइटेड एयरक्राफ्ट कॉरपोरेशन के बीच सुपरजेट 100 (SJ-100) विमान के भारत में उत्पादन को लेकर एक समझौता हुआ है।

सुपरजेट 100 (SJ-100) विमान

- यह नई पीढ़ी का शॉर्ट-हॉल (कम दूरी का) जेट विमान है। इसमें अधिकतम 103 यात्रियों के बैठने की क्षमता है और इसकी उड़ान सीमा लगभग 3500 किलोमीटर तक है।

विमान की विशेषताएं:

- इसमें बेहतरीन एरोडायनामिक्स और डिजिटल 'फ्लाई-बाय-वायर' कंट्रोल सिस्टम दिया गया है।
- इसमें कंट्रोल साइड स्टिक्स के साथ अत्याधुनिक कॉकपिट है।

UTKARSH CIVIL SERVICES

Q. भारत के 'नवीकरणीय ऊर्जा संक्रमण' की हालिया उपलब्धियों के संदर्भ में निम्नलिखित पर विचार करें:

1. भारत ने अपनी कुल स्थापित विद्युत क्षमता का 50% गैर-जीवाश्म स्रोतों से प्राप्त करने का लक्ष्य 2030 के बजाय 2025 में ही प्राप्त कर लिया है ।
2. एथेनॉल सम्मिश्रण कार्यक्रम से CO2 उत्सर्जन में 813 लाख मीट्रिक टन की कमी आई है ।
3. भारत का लक्ष्य 2047 तक 100 GW परमाणु ऊर्जा क्षमता हासिल करना है ।

सत्य कथन चुनें:

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1
(d) 1, 2 और 3

UTKARSH CLASSES

[d]

व्याख्या:

अतिरिक्त जानकारी (Additional Information):

- **PM सूर्य घर योजना:** छत पर सोलर पैनल हेतु सब्सिडी और मुफ्त बिजली योजना।
- **ग्रीन हाइड्रोजन मिशन:** 2030 तक 5 MMT उत्पादन का लक्ष्य।
- **बाहरी स्रोत जानकारी:** भारत वैश्विक स्तर पर सौर और पवन ऊर्जा क्षमता में चौथे स्थान पर है। (स्रोत: MNRE, भारत सरकार)

Q. हालिया भौगोलिक अध्ययन के अनुसार भारत के कौन-से दो डेल्टा सबसे तेजी से जलमग्न (Sinking) हो रहे हैं?

(a) गंगा और ब्रह्मपुत्र

(b) ब्राह्मणी और महानदी

(c) कृष्णा और कावेरी

(d) गोदावरी और नर्मदा

UTKARSH CLASSES

[b]

व्याख्या:

नदी डेल्टाओं के जलमग्न होने के कारण

- **भूमि का धंसना:** 2014 और 2023 के बीच, वैश्विक स्तर पर आधे से अधिक डेल्टाओं में 3 मिमी प्रतिवर्ष से अधिक की दर से भूमि धंसाव की घटना दर्ज की गई।
- भारत में ब्राह्मणी और महानदी के डेल्टा सबसे तेजी से जलमग्न हो रहे हैं।
- **मौसमी गाद के जमाव में कमी:** डेल्टा की ऊंचाई बनाए रखने के लिए गाद का जमाव आवश्यक है, लेकिन बांध निर्माण के कारण प्राकृतिक तलछट प्रवाह बाधित हो गया है।

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

Q. डेल्टाओं के जलमग्न होने के प्रमुख कारकों के संदर्भ में 'कथन-कारण' पर विचार करें:

कथन (A): बांध निर्माण के कारण डेल्टा क्षेत्रों में प्राकृतिक तलछट (Sediment) का प्रवाह कम हो गया है ।

कारण (R): वैश्विक स्तर पर आधे से अधिक डेल्टाओं में 3 मिमी प्रतिवर्ष से अधिक की दर से भूमि धंसाव (Subsidence) दर्ज किया गया है ।

(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।

(b) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(c) A सही है, लेकिन R गलत है।

(d) A गलत है, लेकिन R सही है।

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

[b]

व्याख्या:

अतिरिक्त जानकारी (Additional Information):

- मेगासिटीज: विश्व की 34 में से 10 मेगासिटीज डेल्टा क्षेत्रों में स्थित हैं, जहाँ वैश्विक आबादी का 6% निवास करता है ।
- बाहरी स्रोत जानकारी: डेल्टा एक निक्षेपण स्थलाकृति (Depositional Landform) है जो नदी की वृद्धावस्था की विशेषता है।

UTKARSH CLASSES

Q. नीति आयोग द्वारा हाल ही में शुरू किए गए 'संपूर्णता अभियान 2.0' का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

(a) शहरी क्षेत्रों में 5G नेटवर्क पहुँचाना।
(b) केवल सीमावर्ती जिलों की सुरक्षा बढ़ाना।
(c) आकांक्षी जिलों और प्रखंडों में प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों (KPIs) में पूर्ण उपलब्धि हासिल करना।
(d) स्टार्टअप्स को कर में छूट प्रदान करना।

[c]

व्याख्या:

- नीति आयोग ने 'संपूर्णता अभियान 2.0' की शुरुआत की है।
- **उद्देश्य:** आकांक्षी जिला कार्यक्रम और आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों में पूर्ण उपलब्धि के लिए लगातार प्रयास करना है।
- दोनों कार्यक्रम नीति आयोग द्वारा शुरू किए गए हैं।

आकांक्षी जिला कार्यक्रम के बारे में:

- **शुरुआत:** 2018
- **उद्देश्य:** देश के 112 जिलों का त्वरित और प्रभावी विकास सुनिश्चित करना है।
- **इसके पांच मुख्य क्षेत्र (थीम) हैं:** स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा, कृषि और जल संसाधन, वित्तीय समावेशन और कौशल विकास, आधारभूत संरचना
- विकास की प्रगति को 49 विकास संकेतकों के आधार पर मापा जाता है।

आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के बारे में:

- **शुरुआत:** वर्ष 2023
- **उद्देश्य:** देश के 329 जिलों के 513 प्रखंडों में आवश्यक सरकारी सेवाओं की पूर्ण उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

Q. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के तहत राष्ट्रपति प्रत्येक आम चुनाव के बाद प्रथम सत्र और प्रत्येक वर्ष के प्रथम सत्र के प्रारंभ में संसद को संबोधित करते हैं?

(a) अनुच्छेद 86

(b) अनुच्छेद 87

(c) अनुच्छेद 123

(d) अनुच्छेद 72

UTKARSH CLASSES

[b]

व्याख्या:

- राष्ट्रपति ने बजट सत्र के प्रारंभ में संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अभिभाषण किया।
- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 86 और 87 राष्ट्रपति को संसद में अभिभाषण करने का अधिकार देते हैं।

'राष्ट्रपति का विशेष अभिभाषण' के बारे में

- **अनुच्छेद 86** (सदनों में अभिभाषण और संदेश भेजने का राष्ट्रपति का अधिकार): यह अनुच्छेद राष्ट्रपति को संसद के किसी भी सदन (लोकसभा या राज्यसभा) को या दोनों सदनों को एक साथ अभिभाषण करने का अधिकार देता है।
- **अनुच्छेद 87** (राष्ट्रपति का विशेष अभिभाषण): यह अनुच्छेद उन दो विशेष अवसरों के बारे में है जब राष्ट्रपति अनिवार्य रूप से संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अभिभाषण करते हैं। ये दो अवसर हैं:
  - o प्रत्येक आम चुनाव के बाद लोकसभा के प्रथम सत्र के प्रारंभ में।
  - o प्रत्येक वर्ष के प्रथम सत्र (आमतौर पर बजट सत्र) के प्रारंभ में।

Q. लाला लाजपत राय के संदर्भ में कौन-सा मिलान सही नहीं है?

(a) अध्यक्ष : 1920 कलकत्ता कांग्रेस अधिवेशन।

(b) संगठन : सर्वेंट्स ऑफ द पीपल सोसाइटी।

(c) पुस्तक : इंग्लैंड्स डेब्ट टू इंडिया।

(d) समाचार पत्र : मराठा और केसरी।

[d]

व्याख्या:

– 'मराठा' और 'केसरी' बाल गंगाधर तिलक के समाचार पत्र थे। लाला लाजपत राय ने 'द पीपल' पत्रिका और 'द ट्रिब्यून' में योगदान दिया था।

UTKARSH CIVIL SERVICES

Q. तुलु (Tulu) भाषा के संदर्भ में क्या सही है?

(a) यह राजस्थान की एक जनजातीय बोली है।

(b) कर्नाटक सरकार ने इसे राज्य की दूसरी अतिरिक्त आधिकारिक भाषा बनाने का समर्थन किया है।

(c) इसे संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल किया जा चुका है।

(d) यह केवल उड़ीसा के तटों पर बोली जाती है।

UTKARSH CLASSES

[b]

व्याख्या:

- कर्नाटक सरकार ने तुलु को राज्य की दूसरी अतिरिक्त आधिकारिक भाषा घोषित करने का समर्थन व्यक्त किया है।
- वर्तमान में, कन्नड़ कर्नाटक की एकमात्र आधिकारिक भाषा है, जबकि अंग्रेजी का उपयोग अतिरिक्त आधिकारिक भाषा के रूप में किया जाता है।

UTKARSH CLASSES

Q. केन्द्रीय आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के अनुसार राजस्थान की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. वित्त वर्ष 2024-25 के संशोधित अनुमानों में राजस्थान का राजस्व घाटा ₹31,939 करोड़ रहा है।
2. वर्ष 2024-25 में राजस्थान में मुद्रास्फीति दर 4.34 प्रतिशत रही, जो पिछले वर्ष की तुलना में कम हुई है।
3. वर्ष 2025-26 (अप्रैल-दिसंबर) के दौरान राजस्थान में खुदरा मुद्रास्फीति 2 प्रतिशत से अधिक दर्ज की गई है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1
(d) 1, 2 और 3

[a]

व्याख्या:

– कथन 3 गलत है क्योंकि वर्ष 2025-26 (अप्रैल-दिसंबर) के दौरान राजस्थान में खुदरा मुद्रास्फीति मात्र 0.81 प्रतिशत रही है, जो प्रभावी आपूर्ति प्रबंधन को दर्शाती है।

Q. 'राजस्थान कैश प्लस मॉडल', जिसे केन्द्रीय आर्थिक सर्वेक्षण में 'बेस्ट प्रैक्टिस' के रूप में सराहा गया है, का मुख्य उद्देश्य क्या है?

(a) किसानों को नकद ऋण उपलब्ध कराना।

(b) बाल एवं मातृ कुपोषण से निपटने हेतु विभिन्न योजनाओं के लाभों का एकीकरण।

(c) शहरी युवाओं को बेरोजगारी भत्ता प्रदान करना।

(d) उद्योगों को निवेश अनुदान देना।

[b]

व्याख्या:

अतिरिक्त जानकारी (Additional Read):

- **राजस्व घाटा बनाम राजकोषीय घाटा:** राजस्व घाटा केवल सरकार के नियमित परिचालन खर्चों और आय के अंतर को दर्शाता है, जबकि राजकोषीय घाटा सरकार की कुल उधारी आवश्यकताओं को बताता है।
- **प्रतापगढ़ मॉडल:** राजस्थान के पाँच जिलों (प्रतापगढ़, डूँगरपुर, बाँसवाड़ा, उदयपुर और बाराँ) में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और मुख्यमंत्री मातृत्व पोषण योजना को मिलाकर 'कैश प्लस' दृष्टिकोण अपनाया गया है ।
- **बाहरी स्रोत जानकारी (आर्थिक समीक्षा 2024-25):** राजस्थान में प्रभावी मूल्य नियंत्रण के लिए 'प्राइस मॉनिटरिंग सेल' का सुदृढ़ीकरण किया गया है, जिसके कारण राष्ट्रीय औसत की तुलना में राज्य की खुदरा मुद्रास्फीति काफी कम रही है। (स्रोत: आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय, राजस्थान)

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

Q. जैसलमेर में आयोजित '47वें मरु महोत्सव-2026' के संदर्भ में निम्नलिखित का मिलान कीजिए:

विजेता/विषय	नाम/विवरण
A. थीम	1. मनीष पंवार
B. मरु श्री (मिस्टर डेजर्ट)	2. कुसुम पंवार
C. मिस मूमल	3. बीट्स ऑफ दी थार
D. मिस पोकरण	4. वर्षा भाटी

सही कूट चुनें:

(a) A-3, B-1, C-2, D-4

(b) A-1, B-2, C-3, D-4

(c) A-3, B-4, C-1, D-2

(d) A-4, B-3, C-2, D-1

UTKARSH CIVIL SERVICES

[a]

व्याख्या:

अतिरिक्त जानकारी (Additional Read):

– शिल्पग्राम: महोत्सव के दौरान लोक कलाओं के प्रदर्शन हेतु जैसलमेर में अस्थाई शिल्पग्राम विकसित किया गया।

– विषय (Theme): 'बीट्स ऑफ दी थार' (Beats of the Thar)।

– शुभारंभ: पोकरण के नेपालेश्वर महादेव मंदिर से।

– बाहरी स्रोत जानकारी: मरु महोत्सव की शुरुआत वर्ष 1979 में पर्यटकों को मरुस्थलीय संस्कृति से रूबरू कराने हेतु की गई थी। यह माघ पूर्णिमा के अवसर पर संपन्न होता है। (स्रोत: राजस्थान पर्यटन विभाग)

UTKARSH CLASSES

रावतभाटा परमाणु ऊर्जा परियोजना के संदर्भ में 'कथन-कारण' पर विचार करें:

कथन (A): RAPP की रिएक्टर इकाई 9 और 10 को केंद्र सरकार ने अंतिम स्वीकृति प्रदान की है।

कारण (R): रावतभाटा परमाणु संयंत्र राजस्थान का एकमात्र परमाणु ऊर्जा केंद्र है और वर्तमान में यहाँ 7 इकाइयाँ संचालित हैं।

(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।

(b) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(c) A सही है, लेकिन R गलत है।

(d) A गलत है, लेकिन R सही है।

[b]

व्याख्या:

– हाल ही में, केंद्र सरकार द्वारा देश की चौथी स्वदेशी तकनीक से निर्मित रावतभाटा परमाणु ऊर्जा परियोजना (RAPP) की रिएक्टर इकाई 9 और 10 को अंतिम स्वीकृति प्रदान की गई।

– वर्तमान में RAPP में कुल 7 परमाणु इकाइयाँ संचालित है जबकि आठवीं इकाई निर्माणाधीन है जिसके अप्रैल, 2026 में शुरु होने की संभावना है।

UTKARSH CLASSES

Q. राजस्थान के दूसरे प्रस्तावित परमाणु ऊर्जा संयंत्र 'माही बाँसवाड़ा राजस्थान एटॉमिक पावर प्रोजेक्ट' (MBRAPP) के संदर्भ में कौन-सा तथ्य सही है?

1. इसमें 700 मेगावाट क्षमता के 4 रिएक्टर स्थापित किए जाएंगे।
2. इसका संचालन 'अणुशक्ति विद्युत निगम लिमिटेड (अश्विनी)' द्वारा किया जाएगा।
3. यहाँ से वर्ष 2033 से बिजली उत्पादन शुरू होने की संभावना है।

कूट:

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1
(d) 1, 2 और 3

[d]

व्याख्या:

अतिरिक्त जानकारी (Additional Read):

- **PHWR (प्रेशराइज्ड हेवी वाटर रिएक्टर):** यह रिएक्टर प्राकृतिक यूरेनियम का उपयोग ईंधन के रूप में और भारी जल (D2O) का उपयोग शीतलक व मंदक के रूप में करता है ।
- **अश्विनी (ASHVINI):** यह NPCIL और NTPC का एक संयुक्त उद्यम (JV) है।
- **बाहरी स्रोत जानकारी:** भारत के तीन-चरणीय परमाणु कार्यक्रम (Homi J. Bhabha विजन) के तहत दूसरे चरण में 'फास्ट ब्रीडर रिएक्टर' का उपयोग किया जाता है। (स्रोत: परमाणु ऊर्जा विभाग - DAE)

Q. आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 में चर्चित 'उद्यमशील राज्य' (Entrepreneurial State) की अवधारणा के संदर्भ में कौन-सा कथन असत्य है?

(a) यह अवधारणा अर्थशास्त्री मारियाना माज़ुकाटो द्वारा लोकप्रिय बनाई गई है।

(b) इसका अर्थ राज्य द्वारा निजी क्षेत्र के लाभ के लिए व्यवसायों का पूर्ण अधिग्रहण (Capitalism) करना है।

(c) इसमें 'अनुपालन से क्षमता' की ओर बढ़ने और विफलताओं से सीखने पर जोर दिया गया है।

(d) दक्षिण कोरिया इस मॉडल की सफलता का एक प्रमुख वैश्विक उदाहरण है।

[b]

UTKARSH CIVIL SERVICES

Q. 'PAIMANA' पोर्टल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. इसका पूर्ण रूप 'प्रोजेक्ट असेसमेंट, इन्फ्रास्ट्रक्चर मॉनिटरिंग एनालिटिक्स फॉर नेशन बिल्डिंग' है।
2. यह 150 करोड़ रुपये से अधिक की केन्द्रीय अवसंरचना परियोजनाओं की निगरानी करेगा।
3. यह "वन डेटा, वन एंट्री" सिद्धांत पर आधारित है।

कूट:

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1
(d) 1, 2 और 3

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

[d]

व्याख्या:

अतिरिक्त जानकारी (Additional Read):

– **GVA (सकल मूल्य वर्धित):** वित्त वर्ष 2026 में सेवा क्षेत्र का GVA में हिस्सा 56.4% रहने का अनुमान है ।

– **मुद्रास्फीति:** भारत में अप्रैल-दिसंबर 2025 के दौरान औसत हेडलाइन मुद्रास्फीति 1.7% रही है, जो अब तक की सबसे कम दरों में से एक है ।

– **बाहरी स्रोत जानकारी:** मारियाना माज़ुकाटो की पुस्तक "The Entrepreneurial State" बताती है कि कैसे ऐतिहासिक रूप से इंटरनेट और GPS जैसी तकनीकों का विकास सरकारी जोखिम और निवेश से हुआ है। (स्रोत: 'The Entrepreneurial State' - Mariana Mazzucato)

Q. 'बम चक्रवात' (Bomb Cyclone) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. इसे 'बॉम्बोजेनेसिस' प्रक्रिया के माध्यम से उत्पन्न माना जाता है।
2. इसमें 24 घंटे के भीतर वायुदाब में कम से कम 24 मिलिबार की गिरावट आती है।
3. यह मुख्य रूप से गर्म और ठंडी वायुराशियों के अभिसरण के कारण उत्पन्न होते हैं।

सत्य कथन चुनें:

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1
(d) 1, 2 और 3

[d]

व्याख्या:

– बाहरी स्रोत जानकारी (Bomb Cyclone): इसे 'एक्सट्राट्रॉपिकल साइक्लोन' भी कहा जाता है और यह अक्सर सर्दियों के दौरान उत्तर अमेरिकी तटों पर विनाशकारी हिमपात का कारण बनता है। (स्रोत: NOAA - National Oceanic and Atmospheric Administration)

CIVIL SERVICES

Q. 'विश्व परमाणु परिदृश्य रिपोर्ट' के संदर्भ में कौन-सा निकाय इसे जारी करता है?

(a) विश्व परमाणु संघ (WNA)

(b) अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA)

(c) संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम

(d) ग्रीनपीस इंटरनेशनल

UTKARSH CLASSES

[a]

व्याख्या:

– विश्व परमाणु संघ ने विश्व परमाणु परिदृश्य रिपोर्ट जारी की है।

– यह रिपोर्ट परमाणु ऊर्जा के भविष्य के लिए एक अत्यन्त सकारात्मक तस्वीर प्रस्तुत करती है।

UTKARSH CIVIL SERVICES

Q. राजस्थान के 'कैश प्लस मॉडल' (Cash Plus Model) के संदर्भ में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

1. इसे केन्द्रीय आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 में 'बेस्ट प्रैक्टिस' के रूप में सराहा गया है।
2. यह मॉडल मुख्य रूप से बारां, उदयपुर, बाँसवाड़ा, डूँगरपुर और प्रतापगढ़ जिलों में लागू है।
3. इस मॉडल के तहत केवल प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभों का हस्तांतरण किया जाता है।

कूट:

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

[b]

व्याख्या:

– कथन 3 गलत है क्योंकि यह मॉडल प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और मुख्यमंत्री मातृत्व पोषण योजना के लाभों को एकीकृत कर बाल एवं मातृ कुपोषण से निपटने पर केंद्रित है।

अतिरिक्त जानकारी (Additional Read):

– **मुद्रास्फीति दर:** वित्त वर्ष 2025-26 (अप्रैल-दिसंबर) के दौरान राजस्थान में खुदरा मुद्रास्फीति मात्र 0.81 प्रतिशत रही है, जो राष्ट्रीय औसत से काफी कम है।

– **कम्प्रेहेंसिव करियर एजुकेशन प्रोग्राम:** कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन और कौशल-आधारित सीख प्रदान करना।

– **स्रोत:** केन्द्रीय वित्त मंत्रालय, भारत सरकार (Economic Survey 2025-26) और राजस्थान आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय।

Q. राजस्थान का वह कौन-सा पहला नेशनल पार्क है जहाँ पर्यटकों के मोबाइल उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है?

(a) केवलादेव नेशनल पार्क

(b) मुकुंदरा हिल्स नेशनल पार्क

(c) रणथम्भौर नेशनल पार्क

(d) डेजर्ट नेशनल पार्क

UTKARSH CLASSES

[c]

व्याख्या:

– सर्वोच्च न्यायालय की गाइडलाइन की पालना में वन्यजीवों की शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु यह निर्णय लिया गया है।

UTKARSH CLASSES

Q. राजस्थान सरकार की 'मुख्यमंत्री ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना' (CMREGS) के तहत सामान्य परिवारों को प्रतिवर्ष कितने दिन का 'अतिरिक्त' रोजगार प्रदान किया जाता है?

(a) 100 दिन

(b) 25 दिन

(c) 50 दिन

(d) 125 दिन

[b]

व्याख्या:

– मनरेगा के 100 दिन पूर्ण करने पर 25 अतिरिक्त दिन राज्य सरकार द्वारा दिए जाते हैं। विशेष रूप से सहरिया, कथौड़ी और विशेष योग्यजनों हेतु यह सीमा 100 अतिरिक्त दिन (कुल 200) है।

UTKARSH CLASSES

CIVIL SERVICES

Q. राजस्थान की हालिया संक्षिप्त घटनाओं के संदर्भ में निम्नलिखित का मिलान कीजिए:

पहल/व्यक्ति	विवरण/क्षेत्र
A. ऑपरेशन नॉकआउट	1. मादक पदार्थ तस्करी रोकथाम
B. रघुवीर सिंह राठौड़	2. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट अंपायर (उदयपुर)
C. छांपाला भेरू मेला	3. 651 क्विंटल चूरमा 'महाप्रसादी' (कुहाड़ा)
D. राजस्थान झाँकी	4. पॉपुलर चॉइस अवॉर्ड (तृतीय स्थान)

सही कूट चुनें:

(a) A-1, B-2, C-3, D-4
(b) A-2, B-1, C-4, D-3
(c) A-1, B-4, C-3, D-2
(d) A-4, B-3, C-2, D-1

[a]

व्याख्या:

ऑपरेशन नॉकआउट

– 'ऑपरेशन नॉकआउट' (Operation Knockout) राजस्थान पुलिस (जयपुर ग्रामीण) द्वारा चलाया गया एक विशेष अभियान है, जिसका उद्देश्य मादक पदार्थों (ड्रग्स) के अवैध व्यापार और तस्करी पर प्रतिबंध लगाना है।

रघुवीर सिंह राठौड़

– पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट अंपायर और शिक्षाविद् प्रोफेसर रघुवीर सिंह राठौड़ का 30 जनवरी, 2026 को निधन हो गया।

– प्रोफेसर राठौड़ उदयपुर के रहने वाले थे तथा उन्होंने 2 टेस्ट मैच और 4 वनडे मैचों में अंपायरिंग की थी। उन्होंने 50 प्रथम श्रेणी मैचों में भी अंपायरिंग की।

UTKARSH CIVIL SERVICES

छांपाला भैरू मेला

- कोटपूतली-बहरोड़ के कुहाड़ा गाँव में हाल ही में छांपाला भैरू जी महाराज का लक्खी मेला सम्पन्न हुआ।
- इस मेले का सबसे बड़ा आकर्षण 'महाप्रसादी' है। इसमें 651 क्विंटल चूरमा तैयार किया जाता है, जिसे बनाने के लिए JCB, थ्रेसर और कंप्रेशर जैसी मशीनों का उपयोग किया जाता है।

राजस्थान झाँकी

- 77वें गणतंत्र दिवस परेड में शामिल राजस्थान की झाँकी को पॉपुलर चॉइस अवॉर्ड का तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।
- पुरस्कार प्रदानकर्ता : रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ द्वारा राजस्थान के अतिरिक्त मुख्य सचिव पर्यटन, कला, साहित्य एवं संस्कृति प्रवीण गुप्ता को दिया गया।

CLASSES

- ज्ञातव्य है कि नागरिकों को अपनी पसंदीदा झाँकी और मार्चिंग दस्ते के लिए मतदान करने हेतु माईगव पोर्टल (MyGov) पर किए गए ऑनलाइन सर्वेक्षण में राजस्थान की झाँकी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।
- प्रथम और द्वितीय स्थान क्रमशः गुजरात और उत्तर प्रदेश की झांकियों का रहा।
- राजस्थान की झाँकी का विषय : रेगिस्तान का सुनहरा स्पर्श : बीकानेर की स्वर्ण कला (उस्ता कला)।